राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 365
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शनिवार 29 नवंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 एनआईए को 4 दिसंबर तक एयरोड्रम लाइसेंस मिल सकता है
पेज 4 गोरखपुर-शामली पानीपत एक्सप्रेसवे में शामिल हुआ पीलीभीत
पेज 6 2027 विश्वकप तक कोच बने रहेंगे गंभीर : बीसीसीआई

## संक्षिप्त खबरें

### लेह हिंसा- बयान दर्ज करने के लिए ज्यूडिशियल जांच का समय 10 दिन बढ़ाया गया

नई दिल्ली। लेह हिंसा की जांच कर रहे ज्यूडिशियल जांच कमीशन ने लेह एपेक्स बॉडी के औपचारिक अनुरोध के बाद बयान दर्ज करने और सबूत जमा करने की समय सीमा 10 दिन बढ़ा दी है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज बीएस चौहान की अध्यक्षता वाले तीन सदस्यों वाले कमीशन को 17 अक्टूबर को गृह मंत्रालय ने यह पता लगाने के लिए नोटिफाई किया था कि 24 सितंबर को लेह में हिंसा वजह क्या थी। शुक्रवार को जारी एक आदेश के अनुसार, आयोग को 27 नवंबर को एलएबी के को-चेयरमैन से एक लिखित अनुरोध मिला, जिसमें अतिरिक्त समय मांगा गया था, यह कहते हुए कि बहुत से लोग अभी भी आयोग के सामने अपने बयान देना और सबूत जमा करना चाहते हैं।

### उत्तराखंड में पतंजलि घी के सैंपल जांच में फेल

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि के घी के सैंपल जांच में फेल पाए गए हैं। जिसके बाद कंपनी समेत 3 कारोबारियों पर 1 लाख 40 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही खाद्य विभाग का कहना है कि ये खाने लायक भी नहीं है। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में घी का सैंपल लिया गया था, इसकी जांच प्रदेश स्तर (रूद्रपुर) और राष्ट्रीय स्तर (गाजियाबाद) की लैब में कराई गयी थी। जांच में घी स्टैंडर्ड पर खड़ा नहीं उतरा। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन पिथौरागढ़ के

# सहारनपुर में सड़क हादसा : 7 लोगो की मौत

- सहारनपुर में मां-बेटा, बेटी-दामाद की मौत, अंतिम संस्कार में जा रहे थे, बजरी लदा डंपर पलटा; कार पिचककर 2 फीट रह गई





सहारनपुर। यूपी के सहारनपुर में शुक्रवार को एक डंपर बेकाबू होकर कार पर पलट गया। डंपर पर लदी बजरी भी कार पर गिर गई। इस हादसे में 4 साल के बच्चे समेत 7 लोगों की मौत हो गई। डंपर में बजरी भरी थी। रफ्तार तेज होने की वजह से डंपर बेकाबू हो गया। हादसा इतना भीषण था कि पूरी कार डंपर और बजरी के नीचे दब गई। 5 फीट की कार 2 फीट की बची। बाद में डंपर को 3 क्रेन की मदद से किनारे किया गया।

जबकि, बजरी हटाने में लोगों को घंटों मशक्कत करनी पड़ी। तब तक कार सवार तड़पते रहे। बाद में कार की छत काटकर उसमें फंसे लोगों को बाहर निकाला गया।

बताया जा रहा है, परिवार अंतिम संस्कार में शामिल होने सैयद माजरा गांव से सहारनपुर के गंगोह जा रहा था। कार में एक ही परिवार के 7 लोग सवार थे। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से भाग गया। एसपी सिटी व्योम बिंदल ने बताया कि 7 लाशें कार से निकाली गई हैं। उन्हें पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। मामला थाना गागलहेडी का है।

### गांव के बाहर ही हादसा

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार सुबह सवा 9 बजे सहारनपुर के सैयद माजरा गांव का रहने वाला परिवार कार से निकला था। कार गांव के बाहर एक्सप्रेस-वे पर पहुंची ही थी कि देहरादून की तरफ से आ रहा तेज रफ्तार डंपर उस पर पलट गया।

### बेकाबू डंपर कार के ऊपर पलट गया

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार अचानक डंपर के सामने आ गई। डंपर चालक ने ब्रेक लगाए, लेकिन रफ्तार तेज होने की वजह से वह गाड़ी संभाल नहीं पाया। बेकाबू डंपर कार के ऊपर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी पिचक गई। परिवार उसके अंदर ही फंस गया।

### सभी शवों को हुआ अंतिम संस्कार

संदीप और उसकी मां रानी का अंतिम संस्कार गांव सैयद माजरा में शुक्रवार को ही कर दिया गया। बेटी जूली और दामाद शेखर और उनके बेटे अनिरुद्ध का अंतिम संस्कार हरिद्वार के चंगा मछली भगवानपुर में अंतिम संस्कार हुआ। महेंद्र के बड़े बेटे के ससुर उमेश का रावली हरिद्वार में अंतिम संस्कार हुआ। महेंद्र की साली के बेटे विपिन का अंतिम संस्कार दौलतपुर में हुआ।

# राहुल बोले- दिल्ली के प्रदूषण पर मोदी जी चुप क्यों

## मांएं मुझसे कहती हैं- बच्चे जहरीली हवा में बड़े हो रहे, संसद में चर्चा हो

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर मोदी जी चुप क्यों हैं। आपकी सरकार प्रदूषण रोकने के लिए न तो कोई तुरंत कार्रवाई कर रही, न ही कोई योजना और जवाबदेही दिखा रही है।

उन्होंने एक्स पर दिल्ली की महिलाओं के साथ प्रदूषण पर बातचीत का वीडियो शेयर किया। साथ में लिखा- मैं जिस भी मां से मिलता हूं, वो कहती हैं कि उनका बच्चा जहरीली हवा में सांस लेकर बड़ा हो रहा है। लोग थके, डरे हुए और गुस्से में हैं। मोदी जी भारत के बच्चे हमारे सामने घुट रहे हैं।



राहुल ने 1 दिसंबर से शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में प्रदूषण पर विस्तार से चर्चा की मांग की।

साथ ही कहा कि इस हेल्थ इमरजेंसी से निपटने के लिए एक सख्त और तुरंत लागू करने वाले एक्शन प्लान की जरूरत है। हमारे बच्चों को बहाने नहीं बल्कि साफ हवा चाहिए।

### राहुल बोले- जहरीली हवाओं से बच्चे बीमारियों का शिकार हो रहे

राहुल गांधी ने शुक्रवार को ही एक दूसरे एक्स पोस्ट में लिखा- बच्चों का दर्द सबसे गहरी चोट की तरह मांओं के दिल में उतरता है। दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ लड़ रहीं ऐसी ही कुछ साहसी मांओं से मिला। वे अपने ही नहीं, पूरे देश के बच्चों के भविष्य को लेकर डरी हुई हैं।

आगे कहा कि जहरीली हवा से छोटे-छोटे बच्चे फेफड़ों, दिल और मानसिक बीमारियों का शिकार हो रहे हैं।


लेकिन इतनी भयावह राष्ट्रीय आपदा के बीच भी मोदी सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है और समय तेजी से हमारे हाथों से फिसल रहा है।

# राजस्थान में बारिश, कोहरे का अलर्ट

**हिमाचल के 16 शहरों में तापमान 5 से नीचे; उत्तराखंड में बर्फ पिघलाकर पानी पी रहे लोग**

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों में कड़ाके की सर्दी शुरू हो गई है। हिमाचल के 16 शहरों में रात का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। लाहौल स्पीति, किन्नौर और चंबा में पानी की टंकियां, पाइप लाइन और सड़क किनारे पानी में बर्फ जमने लगी है। उत्तराखंड के 4 धामों में तापमान माइनस 10 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे चला गया है। आदि कैलाश में भी पारा माइनस 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जिससे वहां गौरी कुंड सरोवर जम गया है। कई पहाड़ी इलाकों में लोग बर्फ पिघलाकर पी रहे हैं। सर्दी के बीच राजस्थान में शुक्रवार को जयपुर, उदयपुर समेत कई इलाकों में हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज और कल शीतलहर की आशंका जताई है। सुबह के समय कोहरा का अलर्ट जारी किया गया है। तापमान 2-3 डिग्री कम हो सकता है।

**वायु गुणवत्ता खराब**



गुरुग्राम में वायु गुणवत्ता खराब रहने के कारण कम दृश्यता।

# पीरियड्स के सबूत मांगने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## केंद्र-हरियाणा से जवाब मांगा; जस्टिस नागरत्ना बोलीं- क्या छुट्टी देने के लिए भी सबूत मांगेंगे?

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा की महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी में 4 महिला सफाई कर्मचारियों से पीरियड्स का सबूत मांगने के मामले में केंद्र सरकार, हरियाणा सरकार और अन्य पक्षों से जवाब मांगा है।

जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कह- यह महिलाओं के प्रति लोगों की सोच दिखाता है। अगर उनकी गैरमौजूदगी की वजह से कोई भारी काम नहीं हो सका तो किसी और को लगाया जा सकता था। कर्नाटक में पीरियड्स की छुट्टी दी जा रही है लेकिन अब क्या वे छुट्टी देने के लिए सबूत मांगेंगे?

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सीनियर एडवोकेट विकास सिंह ने कोर्ट को बताया कि यह एक गंभीर आपराधिक मामला है और इसकी हाई लेवल जांच जरूरी है। उन्होंने कहा कि केंद्र और हरियाणा सरकार को विस्तृत जांच के निर्देश दिए जाएं।

### सरकार से गाइडलाइन बनाने की मांग

याचिका में कहा गया कि ऐसी गाइडलाइंस बनाई जाएं जो पीरियड्स के दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान, निजता और शारीरिक स्वतंत्रता की रक्षा सुनिश्चित करें। जस्टिस नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की बेंच मामले में अगली सुनवाई 15 दिसंबर को करेगी।



# आधार में घर बैठे मोबाइल नंबर बदल सकेंगे

**एप पर आटीपी और फेस ऑथेंटिकेशन से अपडेट होगा, किसी डॉक्यूमेंट की जरूरत नहीं**

**मुंबई।** जल्द ही आप घर बैठे आधार कार्ड में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर बदल सकेंगे। आधार को रेगुलेट करने वाली संस्था यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने नई डिजिटल सर्विस की घोषणा की है।

इसके जरिए यूजर्स आधार एप पर ओटीपी वेरिफिकेशन और फेस ऑथेंटिकेशन से अपना मोबाइल नंबर अपडेट कर पाएंगे। इस सर्विस से दूरदराज इलाकों में रहने वाले लोग और सीनियर सिटिजन को आसानी होगी।




### नई सर्विस कैसे काम करेगी?

UIDAI के मुताबिक मोबाइल नंबर अपडेट करने की प्रोसेस काफी सिंपल रखा गया है। इसके लिए कोई डॉक्यूमेंट या फिजिकल विजिट की जरूरत नहीं है। पूरी प्रोसेस कुछ मिनटों में हो जाएगी।

सबसे पहले यूजर्स को AADHAAR एप डाउनलोड करना होगा।

यहां यूजर्स को अपना आधार नंबर और नया मोबाइल नंबर डालना होगा।

OTP वेरिफिकेशन होगा, जो पुराने या नए नंबर पर भेजा जाएगा।

इसके बाद स्मार्टफोन कैमरे से फेस ऑथेंटिकेशन पूरा करना होगा।



## हैप्पी मॉर्निंग

जीजा- केवल दो तरह के आदमी औरत को समझ नहीं पाते
साली- कौन-कौन?
जीजा- कुंवारे और विवाहित
साली- और जो समझ जाते हैं वो?
जीजा- वो तो फिर साधु-संत बनकर आश्रम पकड़ लेते हैं.....



## शायरी

ये सच है रंग बदलता था वो हर इक लम्हा
मगर वही तो बहुत कामयाब चेहरा था

# गेमिंग प्लेटफॉर्म विंजो के दो संस्थापक गिरफ्तार

## ईडी ने 505 करोड़ की संपत्ति फ्रीज की; बैन के बावजूद गेमर्स के 43 करोड़ रोक रखे थे

**नई दिल्ली।** ईडी ने ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म विंजो के संस्थापक पवन नंदा और सौम्या सिंह को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। विंजो के पास मौजूद कुल 505 करोड़ रु. मूल्य के बॉन्ड, फिक्स्ड डिपॉजिट और म्यूचुअल फंड को पीएमएलए के तहत फ्रीज किया गया है।

ईडी के अनुसार कंपनी ने 43 करोड़ रुपए की गेमर्स (खिलाड़ियों) की राशि रोककर रखी थी, जिसे देश में



रियल मनी गेमिंग (आरएमजी) पर बैन लगने के बाद गेमर्स को लौटाना था।

दोनों को बेंगलुरु की लोकल



अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें एक दिन की ईडी कस्टडी दी गई। अगली सुनवाई की तारीख सामने नहीं आई है।

# छत्तीसगढ़ में 25 लाख के इनामी नक्सली चैतू का सरेंडर

## 2013 के झीरम हमले का मास्टरमाइंड था, कांग्रेस नेताओं समेत 32 लोग मारे गए थे

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में झीरम घाटी हमले का मास्टरमाइंड नक्सली चैतू उर्फ श्याम दादा ने सरेंडर कर दिया है। झीरम घाटी में कांग्रेस के टॉप लीडरशिप समेत 32 लोगों का कत्ल हुआ था। बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा को 100 गोलियां मारी गई थी। उनके सीने पर चढ़कर नक्सली नाचे थे।

चैतू उर्फ श्याम दादा वर्तमान में DKSZCM कैडर का है। इस पर 25



लाख का इनाम था। बस्तर के जंगलों में कई बार सुरक्षाबलों की गोलियों से बच निकला था। फोर्स की लगातार मौजूदगी के बाद चैतू उर्फ श्याम ने हथियार डाले हैं। 45 साल से नक्सल संगठन में था, जिसमें 35 साल बस्तर में काम किया है।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि चैतू समेत सरेंडर सभी नक्सलियों पर 65 लाख रुपए का इनाम घोषित था। पोलित ब्यूरो सदस्य देवजी, केंद्रीय समिति सदस्य रामदर, DKSZC सदस्य पापाराव, देवा (बार्से देवा) और अन्य नक्सलियों की तलाश की जा रही है।

## अर्थसार



सेंसेक्स:
85,706.67
-13.71 (0.016%)
निफ्टी:
26,202.95
-12.60

## मौसम



| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 24 डिग्री से0 |
| न्यूनतम | : | 09 डिग्री से0 |
| सूर्योदय रविवार | : | 6 : 57 |
| सूर्यास्त शनिवार | : | 5 : 22 |

# मिर्जापुर में पिता-डॉक्टर बेटे समेत 4 की मौत

- काशी में इलाज कराने ले जा रहा था, 2 लोगों को रौंदते हुए कंटेनर में घुसी कार

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर में भीषण सड़क हादसे में पिता और डॉक्टर बेटे समेत 4 लोगों की मौत हो गई। तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने पहले 2 लोगों को रौंदा।

फिर हाईवे पर खड़े कंटेनर में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का आधा हिस्सा कंटेनर के नीचे घुस गया। करीब 50 मीटर तक कार के टुकड़े बिखर गए।

हादसे में प्रयागराज के रहने वाले श्याम कृष्ण यादव (55) और उनके डॉक्टर बेटे अनुराग (22) की मौत हो गई। अन्य 2 मृतकों में कंटेनर ड्राइवर अजित कुमार और क्लीनर सरोज हैं। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने जैसे-तैसे रेस्क्यू करके पिता-बेटे को कार से निकाला। तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।

हादसा शुक्रवार सुबह साढ़े 7 बजे कछवा थाना क्षेत्र में कटका गोदाम के पास हुआ। शुरुआती जांच में हादसे की दो वजहें सामने आ रही हैं। पहली- कोहरा और दूसरी- झपकी। पुलिस ने कहा कि कार की स्पीड तेज थी। कार सड़क पर खड़े 2 लोगों को रौंदते हुए कंटेनर में जा घुसी।

**ईडी रेड**

## गुजरात से कच्चा माल जाता था; हवाला ऑपरेटरों के खातों में 52.8 करोड़ मिले

# ड्रग्स के खिलाफ भारत-म्यांमार बॉर्डर पर पहली बार ईडी रेड

**नई दिल्ली आइजोल।** प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को ड्रग तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मिजोरम में भारत-म्यांमार बॉर्डर पर पहली बार छापेमारी की। एजेंसी ने मिजोरम के चंफाई, आइजोल में तलाशी ली।

इसके अलावा असम के करीमगंज जिले के श्रीभूमि और गुजरात के अहमदाबाद में भी छापा मारा।

एजेंसी ने पूर्वोत्तर राज्यों में ड्रग कॉरिडोर और उससे जुड़े हवाला नेटवर्क का खुलासा किया। इसी नेटवर्क को चलाने के लिए असम, मिजोरम, नगालैंड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और दिल्ली में फैले हवाला ऑपरेटरों के खातों में 52.8 करोड़ रुपए पाए गए। छापेमारी में 35 लाख नकद, कई डिजिटल डिवाइस और दस्तावेज बरामद हुए हैं।

ईडी के मुताबिक, गुजरात पूरे ड्रग सिंडिकेट का शुरुआती बिंदु था, जहां से मेथाम्फेटामाइन बनाने में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल मिजोरम भेजा जाता था।

मिजोरम का चंफाई ड्रग सिंडिकेट का सबसे अहम केंद्र था, क्योंकि गुजरात से आए प्रीकर्सर रसायन चंफाई पहुंचाए जाते थे।

इसके बाद प्रीकर्सर रसायन छोटे पार्सलों, वाहनों और कैरियर्स के सहारे



म्यांमार के चिन राज्य तक तस्करी होते थे।

वहां मौजूद अवैध लैब्स में इन रसायनों से सिंथेटिक ड्रग्स तैयार की जाती थीं। तैयार ड्रग्स फिर उसी चंफाई रूट से वापस भारत में घुसाई जाती थीं और देशभर में सप्लाई होती थी।

### असम : हवाला के रूप में इकट्ठा होता था पैसा

असम के करीमगंज का श्रीभूमि इलाका सिंडिकेट का सबसे महत्वपूर्ण कैश कलेक्शन और हवाला केंद्र था। नकदी जमा करने, नकली इनवॉयस बनाने और मल्टी-लेयर बैंकिंग के जरिए ड्रग्स की बिक्री से निकला पैसा वैध लेनदेन जैसा दिखाया जाता था। यह साफ हुआ कि म्यांमार में बनने वाली ड्रग्स की कमाई भारत में असम के हवाला चैनलों के जरिए घूमती थी, और फिर तस्करों तक लौटाई जाती थी।

### गुजरात : फर्जी पेपर पर ड्रग्स का कच्चा माल भेजा गया

गुजरात से मेथाम्फेटामाइन बनाने में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल मिजोरम भेजा जाता था।

कागजों पर यह सब वैध व्यापार जैसा दिखाया जाता, लेकिन इनका असली खरीदार मिजोरम की वे फर्में थीं, जिनके नाम पहले भी ड्रग तस्करी मामलों में सामने आ चुके हैं। ईडी को पता चला कि इस कच्चे माल का पेपरवर्क कोलकाता स्थित शेल कंपनियों के सहारे साफ किया जाता था।

# संपादकीय

## क्या देश का युवा सिर्फ सड़क पर लाठी खाने के लिए है?



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारत का युवा दुनिया में सबसे बड़ी ताकत माना जाता है। 65 प्रतिशत आबादी 35 साल से कम उम्र की है। दुनिया हमें यंग इंडिया कहकर पुकारती है। लेकिन सवाल यह है कि यह युवा शक्ति आखिर कर क्या रही है? नौकरी की तलाश में लाठियां खा रहा है, पुलिस की बूटों तले कुचला जा रहा है, या आत्महत्या करने को मजबूर हो रहा है? पिछले कुछ सालों में जो तस्वीरें हमने देखी हैं—उसमें युवा सड़कों पर, रेलवे ट्रैक्स पर, संसद मार्ग पर लाठी-डंडों और पानी की बौछारों के बीच चीखता-चिल्लाता नजर आया है। क्या यही हमारा युवा सपना था?

याद कीजिए 2021-22 का किसान आंदोलन तो नहीं, बल्कि उसके बाद का युवा आंदोलन। अग्निपथ योजना आई और लाखों युवा सड़कों पर उतर आए। ट्रेनें जलाई गईं, बसें फूंकी गईं, स्टेशन तोड़े गए। क्यों? क्योंकि चार साल की नौकरी और उसके बाद बेरोजगारी का डर। सरकार ने कहा—यह सेना को जवान रखने की योजना है। युवा ने पूछा—और हमारा भविष्य? जवाब में लाठियां मिलीं। बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान—हर तरफ एक ही दृश्य। पुलिस की गाड़ियां, आंसू गैस के गोले और युवाओं का खून।

फिर आया रेलवे भर्ती घोटाला। NTPC और ग्रुप-डी के रिजल्ट आए तो लाखों छात्रों ने कहा—धांधली हुई है। पटना से दिल्ली तक रेल रोको आंदोलन। छात्र सड़कों पर, रेलवे ट्रैक्स पर। सरकार ने फिर वही किया—लाठी चार्ज, गिरफ्तारियां, इंटरनेट बंद। कोचिंग हब कहे जाने वाले कोटा में तो हर साल सैकड़ों छात्र आत्महत्या कर लेते हैं। कारण? नौकरी नहीं, उम्मीद नहीं, सिर्फ प्रतियोगिता और दबाव।

2024-25 में भी यही सिलसिला जारी है। SSC, UPSC, बैंक, रेलवे—हर भर्ती में अनियमितता के आरोप। पेपर लीक होते हैं, रिजल्ट सालों लेट होते हैं, और जब युवा सवाल उठाता है तो उसे अराजक तत्व कहा जाता है। पुलिस उसे दौड़ा-दौड़ा कर पीटती है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते हैं—एक युवक के सिर से खून बह रहा है, दूसरा बेहोश पड़ा है। हम लाइक करते हैं, शेयर करते हैं और अगले दिन भूल जाते हैं।

सवाल यह है—क्या युवा सिर्फ वोट बैंक है? चुनाव से पहले युवाओं के लिए दो करोड़ नौकरियां का वादा, और चुनाव बाद खामोशी? 2014 से 2024 तक दस साल में कितनी सरकारी नौकरियां आईं? आंकड़े कहते हैं—मात्र 7-8 लाख। वहीं हर साल 1 लाख नौकरियों के लिए 1-2 करोड़ आवेदन। एक पद के लिए 2000 लोग। क्या यह प्रतियोगिता है या मजाक?

निजी क्षेत्र भी कम नहीं। गिग इकोनॉमी, जीरो ऑवर कॉन्ट्रैक्ट, 12-14 घंटे काम और 15-20 हजार सैलरी। स्विगी-जोमैटो का डिलीवरी बॉय बारिश में भीगता है, ओला-उबर का ड्राइवर पेट्रोल के दाम बढ़ने से रोता है। स्टार्टअप कहते थे—नौजवानों को मौका देंगे। आज ज्यादातर स्टार्टअप बंद हो रहे हैं या छंटनी कर रहे हैं। बायजू, उबर, ओयो—हर तरफ यही कहानी।

शिक्षा व्यवस्था भी युवा को ठग रही है। इंजीनियरिंग, एमबीए की डिग्रियां लेने के बाद भी लाखों युवा बेरोजगार। डिग्री है, स्किल नहीं। स्किल है, नौकरी नहीं। और नौकरी है तो सैलरी इतनी कम कि दो वक्त की रोटी भी मुश्किल।

तो क्या करें युवा? चुप रहे? घर बैठे आत्महत्या कर ले? या विदेश भाग जाए? कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी—हर साल लाखों युवा भारत छोड़ रहे हैं। हमारा दिमाग का निर्यात हो रहा है। जो रह जाते हैं, वे या तो कोचिंग माफिया के चंगुल में हैं या अवसाद में।

सरकार को समझना होगा—युवा गुस्सा नहीं, निराशा है। यह गुस्सा अगर सही दिशा में लगे तो देश बदल सकता है, गलत दिशा में लगे तो तबाह भी कर सकता है। युवा को लाठी मत मारो, रोजगार दो। उसे देशद्रोही मत कहो, देश का भविष्य समझो।

अगर आज हमने युवा की सुनवाई नहीं की, तो कल यही युवा सड़कों पर नहीं, व्यवस्था के खिलाफ खड़ा होगा। और तब लाठियां काम नहीं आएंगी।

## जहरीले कारोबार पर नकेल

आज सिर्फ पंजाब-हरियाणा ही नहीं, देश के अन्य राज्यों में भी नशीले पदार्थों का बढ़ता घातक कारोबार गंभीर संकट की आहट सुना रहा है। आये दिन विभिन्न राज्यों में नशीले पदार्थों की बड़ी-बड़ी खेप बरामद होना इस संकट की भयावह तस्वीर उकेरता है। अब वयस्क ही नहीं, किशोर भी नशे की चपेट में आ रहे हैं। फिर वे अपने नशे के लिए पैसा जुटाने को अपराध की गलियों से गुजरने में गुरेज नहीं करते। हाल ही के कुछ गंभीर अपराधों का खुलासा होने पर किशोरों ने स्वीकार किया कि वे नशे हेतु पैसा जुटाने के लिए अपराध करने निकले थे। कमोबेश, ऐसा ही संकट नकली दवाइयों की आपूर्ति का भी है। पिछले दिनों देश के कई राज्यों में घातक कफ सिरप पीने से कई बच्चे अपनी जान गंवा बैठे। इस आसन्न संकट को महसूस करते हुए नकली दवाइयों और मादक पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए सात राज्यों के ड्रग्स कंट्रोलरों, पुलिस और सीआईडी अधिकारियों का एक महत्वपूर्ण सम्मेलन चंडीगढ़ में आयोजित किया गया, जिसका मकसद इन अधिकारियों को एक मंच पर लाकर कार्रवाई को अधिक कारगर बनाना था। इस रणनीतिक महत्व के सेमिनार का आयोजन हरियाणा के खाद्य और औषधि प्रशासन ने किया था, जिसका मकसद सीमावर्ती राज्यों के बीच बेहतर समन्वय, सूचना साझेदारी और तेज प्रवर्तन तंत्र विकसित करना था। यह स्वागत योग्य है कि देश में पहली बार सात राज्यों ने इस संकट को महसूस करते हुए इस दिशा में साझी पहल की। उल्लेखनीय है कि इस पहल में सीमावर्ती राज्यों पंजाब, राजस्थान, हिमाचल, उत्तराखंड व दिल्ली, महाराष्ट्र तथा हरियाणा के औषधि नियंत्रकों व वरिष्ठ अधिकारियों समेत 70 अधिकारियों ने भाग लिया। इन अधिकारियों ने अनुभव साझा करके भविष्य के लिए कारगर रणनीति को अंजाम देने पर गंभीर मंथन किया। बैठक में स्वीकार किया गया कि नशीले पदार्थों व नकली दवाइयों का कारोबार मात्र एक राज्य की समस्या नहीं है, बल्कि इससे कई राष्ट्रीय मुद्दे भी जुड़े हैं।

इसमें दो राय नहीं कि देश के लिए घातक साबित हो रहे नशे के कारोबार पर अंकुश राज्यों के संयुक्त प्रयासों से ही संभव है। इसके लिए जरूरी है कि विभिन्न राज्यों के जिम्मेदार अधिकारी समय-समय पर इससे जुड़े डेटा साझा करने, पारदर्शी समन्वय और 'एक टीम, एक रणनीति' पर काम करें। साथ ही जरूरी है कि संबंधित अधिकारी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ काम करें। इस दौरान सात राज्यों के अधिकारियों ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग रोकने व नकली दवाइयों पर रोक लगाने के लिए सहयोग करने पर सहमति जतायी।

इस नई चुनौती के मुकाबले के लिए विशेष प्रशिक्षण और सात राज्यों के ड्रग कंट्रोलरों और पुलिस अधिकारियों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान पर सहमति बनी। इसमें दो राय नहीं कि यह जहरीला कारोबार सिर्फ स्थानीय मुद्दा नहीं है बल्कि विभिन्न राज्यों के बीच साझा चुनौती बना हुआ है, जिसका मुकाबल डेटा साझेदारी और पारदर्शी समन्वय से ही संभव है। खासकर सीमावर्ती राज्यों को तो अंतर्राष्ट्रीय व अंतरराज्यीय तस्करों से मुकाबले के लिए मिलकर काम करना बेहद जरूरी है। यही वजह है कि चंडीगढ़ में आयोजित सेमिनार के निष्कर्ष राज्य व केंद्र सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया ताकि साझी रणनीति तय की जा सके। दरअसल, हाल के दिनों में पंजाब व देश के समुद्री सीमा से जुड़े राज्यों में नशीले पदार्थों की जो बड़ी खेपें बरामद हुई हैं, उसने पूरे देश की चिंता बढ़ाई है। सवाल यह भी उठा है कि यदि नशीले पदार्थों की इतनी बड़ी मात्रा बरामद हुई है तो चोरी-छिपे कितनी बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ देश में पहुंच रहा होगा।

# एसआईआर का विरोध: चिन्ता लोकतंत्र की या वोट बैंक की?

-ललित गर्ग-






भारत का लोकतंत्र आज जिस निर्णायक मोड़ पर खड़ा है, वहां उसकी विश्वसनीयता और मजबूती का सवाल पहले से कहीं अधिक गंभीर हो गया है। चुनावों की पारदर्शिता, मतदाता सूची की शुचिता और राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से मतदाता पहचान की सत्यता को बनाए रखना केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा को सुरक्षित रखने का मूल तत्व है। विशेष गहन पुनरीक्षण अर्थात एसआईआर इसी उद्देश्य से प्रारंभ की गई वह अनिवार्य प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से मतदाता सूची में मौजूद संदिग्ध, दोहरे या अवैध प्रविष्टियों की पहचान और सत्यापन किया जा सके। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस कार्य को लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक कदम माना जाना चाहिए, उसे कुछ विपक्षी दल अपने राजनीतिक हितों के चश्मे से देख रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में जिस प्रकार के उतावले, भावनात्मक और अक्सर तथ्यहीन तर्क प्रस्तुत किए गए, उससे यही प्रतीत होता है कि यह विरोध किसी तर्क या सिद्धांत का नहीं, बल्कि वोट-बैंक की चिंता का परिणाम है। सुप्रीम कोर्ट ने यह कहकर बेतूका राष्ट्र-विरोधही अड़ंगा लगाने वालों को आईना ही दिखाया कि बिहार में तो एक भी व्यक्ति यह शिकायत करने नहीं आया कि उसका नाम वोटर लिस्ट से हटा दिया गया है। यह भी उल्लेखनीय है कि बिहार में एसआईआर के समय कुछ खास लोगों के वोट काटे जाने का आरोप उछालने वाले भी ऐसे कथित पीड़ित लोगों के उदाहरण का साक्ष्य नहीं दे सके थे। हालांकि बिहार में एसआईआर पर विपक्षी दलों को मुंह की खानी पड़ी, लेकिन वे बाज नहीं आ रहे हैं और अब 12 राज्यों में जारी एसआईआर की प्रक्रिया को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट के समक्ष खड़े हैं।

यह तब है, जब एसआईआर वाले राज्यों में करीब 65 प्रतिशत फार्म भरे जा चुके हैं। इसका मतलब है कि लोग इस प्रक्रिया में बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं। एसआईआर होना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि मतदाता सूचियों में भारी त्रुटियां एवं विसंगतियां है, बड़ी संख्या में ऐसे लोगों के नाम दर्ज हैं, जिनकी मृत्यु हो गई है या फिर जो अन्यत्र चले गए हैं। इसके अलावा ऐसे भी लोग हैं, जिनके पास दोहरे मतदाता पहचान पत्र हैं। चुनाव आयोग एसआईआर के जरिये इन्हीं विसंगतियों को दूर कर रहा है, लेकिन विपक्षी दलों को पता नहीं क्यों यह रास नहीं आ रहा है। वे मतदाता सूचियों में गड़बड़ी की शिकायत भी कर रहे हैं और एसआईआर भी नहीं होने देना चाहते है। लोकतंत्र की जड़ों में सबसे बड़ा विष तब घुलता है जब मतदाता सूची अवैध हस्तक्षेपों, बाहरी घुसपैठियों और राजनीतिक संरक्षण के सहारे खड़ी प्रविष्टियों से दूषित होने लगती है। भारत लंबे समय से विदेशी घुसपैठ की समस्या से जूझ रहा है। राज्यों के बीच असंतुलित प्रवासन, सीमावर्ती क्षेत्रों में बेतरतीब आबादी का फैलाव, राजनीतिक शरण और संरक्षण के नाम पर अवैध बसेरों का निर्माण-ये सब ऐसी वास्तविकताएं हैं जिन्हें अनदेखा करना राष्ट्रहित से खिलवाड़ है।

एसआईआर की प्रक्रिया इसीलिए आरंभ की गई कि मतदाता सूची को अद्यतन, शुद्ध, विश्वसनीय, पारदर्शी और तथ्यों पर आधारित बनाया जा सके। यह प्रक्रिया किसी समुदाय, क्षेत्र या वर्ग के खिलाफ नहीं, बल्कि व्यक्तिगत पहचान के सत्यापन पर आधारित है। यह समान रूप से हर उस मतदाता की जांच करती है जो कानूनन इस प्रक्रिया का हिस्सा है। इसके बावजूद विपक्ष द्वारा इसे अधिकारों पर हमला, राजनीतिक भेदभाव या अविश्वास की राजनीति से जोड़ना केवल दुष्प्रचार एवं भोलेभाले लोगों को गुमराह करना है। यह सवाल इसलिए उठता है कि जब प्रक्रिया सबके लिए समान है, सभी क्षेत्रों पर लागू है और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशन में संचालित हो रही है, तो किस आधार पर इसे लोकतंत्र विरोधी कहा जा सकता है? वास्तव में विपक्ष इस प्रश्न का ठोस, तथ्यपूर्ण उत्तर देने में असफल रहा है। यह आशंका निराधार नहीं कि बंगाल जैसे राज्यों में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिए मतदाता बन बैठे हैं। उनके बांग्लादेश लौटने से इसकी पुष्टि भी होती है। यह ठीक है कि पहचान पत्र के रूप में आधार भी मान्य है, लेकिन उसे भी फर्जी तरीके से बनवाया गया हो सकता है। ऐसे में चुनाव आयोग को दस्तावेजों के सत्यापन का अधिकार मिलना ही चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत विपक्षी तर्कों का विश्लेषण करें, तो उनमें वास्तविक तथ्यों एवं आंकड़ों का अभाव है। भावनात्मक अपीलें, आशंकाओं का जानबूझकर सृजन, प्रशासनिक प्रक्रिया को अविश्वसनीय बताने का प्रयास, और तथ्यों से अधिक आरोपों का शोर-ये सब इस बात की ओर संकेत करते हैं कि उद्देश्य लोकतंत्र की रक्षा नहीं बल्कि अपनी राजनीतिक जमीन को बचाना है। यदि मतदाता सूची वास्तव में त्रुटिरहित है, यदि घुसपैठियों का प्रश्न बिना आधार का है, यदि किसी वर्ग की वैधता पर कोई प्रश्नचिन्ह नहीं, तो फिर सत्यापन से भय क्यों? सत्यापन तो वही व्यक्ति या समूह टालेगा, जो स्वयं को संदेह के घेरे में पाता हो।

जो स्वच्छ, वैध और तथ्यपूर्ण हैं उन्हें कभी डर नहीं होता कि जांच उनके लिए समस्या बन जाएगी। इसलिए यह विरोध लोकतंत्र की चिंता नहीं बल्कि लोकतंत्र का उपयोग करके अपने हित साधने की कोशिश प्रतीत होता है। भारत की चुनाव प्रणाली में वर्षों से यह शिकायत उठती रही है कि मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टियां, मृत व्यक्तियों के नाम, काल्पनिक मतदाता और बाहरी लोगों की अवैध प्रविष्टियां बढ़ती जा रही हैं। इनमें से अधिकांश समस्याएं प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम हैं, लेकिन एक बड़ा हिस्सा ऐसे राजनीतिक हितों का भी है जो ऐसी प्रविष्टियों को बनाए रखने में खुद को लाभान्वित देखते हैं।

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं कि भारत के अनेक राज्यों में स्थानीय राजनीतिक तंत्र विदेशी घुसपैठियों के लिए न केवल छत्रछाया प्रदान करता रहा है, बल्कि उन्हें वोट-आधारित पहचान और सुविधाओं तक पहुंच भी दिलाता रहा है। इन परिस्थितियों में एसआईआर जैसी प्रक्रिया न केवल उचित है, बल्कि अत्यंत आवश्यक है। यह प्रक्रिया जितनी देर से लागू होगी, लोकतंत्र पर उतना ही खतरा बढ़ेगा। एसआईआर के विरोध का एक और पक्ष भी है, और वह है विपक्ष का यह डर कि यदि मतदाता सूची शुद्ध कर दी गई, तो उनका चुनावी गणित प्रभावित होगा।

यह राजनीति का वह पक्ष है जिसमें आदर्शवाद के लिए बहुत कम जगह है। राजनीतिक दल अक्सर यह मानकर चलते हैं कि जहां संख्या उनके पक्ष में है, वहां सुधार का कोई हस्तक्षेप उनकी स्थिति को कमजोर कर सकता है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र की आत्मा के विरुद्ध है, क्योंकि लोकतंत्र केवल सत्ता प्राप्त करने का माध्यम नहीं बल्कि नागरिक विश्वास और संवैधानिक मूल्यों का संरक्षक है।


एसआईआर का उद्देश्य किसी को मताधिकार से वंचित करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि मताधिकार का उपयोग वही करे जो इसके योग्य है, जो देश का वैध नागरिक है, और जिसका नाम सही तरीके से मतदाता सूची में दर्ज है। भारत का भविष्य उन सुधारों पर निर्भर करता है जो चुनावों को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाएं। जब तक मतदाता सूची शुद्ध नहीं होगी, तब तक चुनाव परिणामों पर संदेह रहेगा और लोकतंत्र की साख कमजोर होती जाएगी। एसआईआर इस दिशा में उठाया गया साहसिक कदम है, जिसे किसी भी प्रकार के राजनीतिक दबाव या भ्रम फैलाने वाले अभियानों से प्रभावित नहीं होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में यह प्रक्रिया और अधिक निष्पक्ष और संरक्षित होती है, इसलिए विरोध के ये प्रयास और भी आधारहीन प्रतीत होते हैं।

लोकतंत्र की मरम्मत और मजबूती का यह अवसर खोना राष्ट्रहित के विरुद्ध होगा।

जो दल इस प्रक्रिया को रोकने की कोशिश कर रहे हैं, वे भले ही इसे जनता के हित का मुद्दा बताने का प्रयास करें, परंतु वस्तुत: वे अपने संकीर्ण हितों की रक्षा कर रहे हैं। भारत को ऐसी राजनीति की नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था की आवश्यकता है जो सत्य को प्राथमिकता दे, सत्ता से अधिक संविधान को महत्व दे, और मतदाता सूची को राजनीतिक हथियार नहीं बल्कि लोकतंत्र की पवित्र सूची माने। एसआईआर की गति और दायरा इसलिए न केवल बनाए रखना चाहिए, बल्कि उसे और भी तेज, निर्णायक और प्रभावी बनाना चाहिए, ताकि भारत का लोकतंत्र अवैध प्रभावों से मुक्त होकर एक मजबूत, पारदर्शी और विश्वसनीय भविष्य की ओर अग्रसर हो सके।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3724




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो - 3723 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

अपने पति की हत्या के मामले में कटघरे में खड़ी महिला से न्यायाधिश ने कहा- आपको अपनी सफाई में क्या कहना है?

महिला : मैं क्या कह सकती हूँ, मेरे यहाँ सफाई तो नौकरानी करती है। इस विषय में इससे ज्यादा जानकारी तो वही दे सकती है।

□ □ □

रमन (प्रेमिका) से- गीता, प्लीज मुझसे शादी के लिए हाँ कर दो ना....! मैं तुम्हारी हर छोटी-छोटी इच्छाओं को पूरी करूँगा।

प्रेमिका बोली- ये सब तो ठीक है, परंतु मेरी उन बड़ी इच्छाओं का क्या होगा? उसे कौन पूरा करेगा दूसरा पति।

□ □ □

एक बार तीन नीग्रो जंगल में जा रहे थे। घने जंगल के रास्ते में उन्हें भगवान मिले। भगवान ने उन्हें एक-एक वरदान माँगने के लिए कहा।

पहला बोला- मुझे गोरा बना दो।

भगवान- तथास्तु।

दूसरा बोला- मुझे भी गोरा बना दो।

भगवान ने कहा- तथास्तु।

अब तीसरे नीग्रो के माँगने की बारी थी। उसने वरदान माँगा- इन दोनों को फिर से काला-काला बना दो।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3724



**बायें से दायें:-**

१. 'राह बनी खुद मंजिल' गीत वाली विस्वजीत, वहीदा की फिल्म-३
३. संजीवकुमार, सुचित्रासेन की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-२
४. 'मैं ने तेरे लिए ही' गीत वाली अमिताभ, राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-३
७. गोविंदा, आदित्य, नीलम, मंदाकिनी की अजय कश्यप निर्देशित फिल्म-४
८. 'कितना मजा आ रहा है' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-२,२
९. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'ना जइयो परदेस' गीत वाली दिलीपकुमार, अनिलकपूर, जैकी श्रॉफ, श्रीदेवी, पुनम ढिल्लों की फिल्म-२
११. जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की 'हर तरफ हर जगह' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'ऐ मेरे मेहरबां ऐ मेरे हमनशी' गीत वाली मनोजकुमार, साधना की फिल्म-३
१५. जीतेंद्र, रेखा की 'गोकुल की गलियों का' गीत वाली फिल्म-२,२,१
१७. 'जाओ जाओ हम से क्या' गीत वाली जैकी श्रॉफ, अमृता सिंह की फिल्म-२,३
१९. अरविंद, प्रभुदेवा, काजोल की 'चंदा रे चंदा रे कभी' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'सिलसिला शुरू हुआ यहाँ से' गीत वाली फिल्म-३
२१. राजकपूर, नर्गिस की 'राजा की आएगी बारात' गीत वाली फिल्म-२
२३. शशि, संजीवकुमार, वहीदा, पूनम की फिल्म-३
२४. राहुलराय, शीबा की 'तेरी दोस्ती में मिला है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
२५. 'देखो मेरा दिल मचल' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, नाना पाटेकर, तब्बू की 'हम हैं बनारस के भैया' गीत वाली फिल्म-४
२. शाहरूख, विवेक, जूही की फिल्म-४
३. धर्मेन्द्र, माला सिन्हा की 'गैरों पे करम अपनों पे सितम' गीत वाली फिल्म-२
४. 'कभी तो मिलेगी कहीं' गीत वाली अशोक, प्रदीप, मीना की फिल्म-३
५. फिल्म 'परिवार' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
६. शाहबाद, किरण, तब्बू, रीता की फिल्म-५
७. सनी, सुष्मिता सेन की 'कोई देख रहा छुप छुप के' गीत वाली फिल्म-२
९. 'तेरे चेहरे में वो' गीत वाली फिरोज खान, हेमा मालिनी, रेखा की फिल्म-३
११. जॉय, सायरा की 'दिल की महफिल सजी है' गीत वाली फिल्म-२,२,३
१२. 'इक तुम पास ना आना' गीत वाली अमिताभ, लक्ष्मी छाया की फिल्म-२,१,३
१३. अक्षयकुमार, माधुरी दीक्षित की 'दुनिया से दूर जा रहा हूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६. राजकुमार, शत्रुघ्नसिन्हा, हेमा मालिनी, मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म-३
१७. आमिर खान, फैजलखान, ट्विंकल की 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२२. 'आज सजन मोहे अंग लगालो' गीत वाली फिल्म-२
२३. नसीरूद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3723



## सूडोकु -3724

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3723 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## शब्द पहेली - 3724



**बाएँ से दाएँ**

1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

### शब्द पहेली - 3723 का हल



# एनआईए को 4 दिसंबर तक एयरोड्रम लाइसेंस मिल सकता है

**15 दिसंबर से पहले उद्घाटन हो सकता है, 2 दिसंबर तक सुरक्षा मानक पूरे करने के निर्देश**

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को चार दिसंबर तक एयरोड्रम लाइसेंस मिल सकता है। अधिकारियों के अनुसार, यदि ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी दो दिसंबर तक अपना अंतिम सुरक्षा अनुमोदन दे देता है, तो एयरपोर्ट को 4 दिसंबर तक लाइसेंस मिल सकता है।

BCAS ने 24-25 नवंबर को दो दिवसीय सुरक्षा निरीक्षण किया, जिसमें 17 किमी लंबी बाउंड्री वॉल के साथ कुछ सुरक्षा कमियां जैसे सीसीटीवी कैमरों और वॉच टावरों की आवश्यकता बताई गई थी।

### 2 दिसंबर तक काम पूरा कर लिया जाएगा

NIAL के सीईओ आरके सिंह ने कहा कि सभी लंबित बिंदुओं पर 2 दिसंबर तक काम पूरा कर लिया जाएगा। जिसके बाद डीजीसीए 24 घंटे के अंदर एयरोड्रम लाइसेंस जारी कर सकता है।

NIAL के नोडल अधिकारी शैलेन्द्र भाटिया ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने




गुरुवार को स्थल का निरीक्षण किया और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किन्जारापु राम मोहन नायडू व DGCA, BCAS, CISF, YIAPL और NIAL अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना पर प्रधानमंत्री से चर्चा की है और एयरपोर्ट के उद्घाटन के समय मांगा है।

उम्मीद है 15 दिसंबर के आसपास एयरपोर्ट का उद्घाटन किया जा सकता है। सीएम ने कंसैशनयर और सीआईएसएफ को सभी अनुपालन बिंदुओं को समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। बता दें सीएम का एक महीने में दूसरा निरीक्षण था। इससे पहले 25 अक्टूबर को उन्होंने टर्मिनल बिल्डिंग, रनवे, सुरक्षा प्रणालियों और ट्रैफिक प्रबंधन का विस्तृत निरीक्षण किया था।

### कामर्शियल फ्लाइट में लगेगा समय

लाइसेंस और उद्घाटन लगभग तय माने जा रहे हैं, लेकिन कामर्शियल उड़ानें शुरू होने में अभी समय लगेगा। क्योंकि एयरोड्रम लाइसेंस मिलने के बाद करीब एक महीने का समय और लगेगा जिसमें फ्लाइट शिड्यूलिंग और अन्य कार्य किए जाते है। जिसमें YIAPL एयरलाइंस एयर इंडिया, अकासा एयर और इंडिगो के साथ मिलकर उड़ान संचालन की तिथि तय करेगा। शुरुआती चरण में दिन में घरेलू यात्री और कार्गो उड़ानें शुरू होने की संभावना है।

# नोएडा में प्रोसेडियम स्कूल सीसीटीवी क्यों नहीं दे रहा

**मां बोली- मेरी बेटी के साथ कुछ गलत हुआ, 4 सितंबर को स्कूल में हुई थी मौत**

**नोएडा।** मैं एक मां हूं ,स्कूल में पढ़ने वाले हर स्टूडेंट्स और पेरेंट्स से हाथ जोड़कर विनती करती हूं मेरी मदद करे मेरी बेटी की मौत स्कूल में हुई थी। ये कहना है तृप्ता शर्मा का जिनकी बेटी की मौत 4 सितंबर को नोएडा के प्रोसेडियम स्कूल में हो गई थी।

उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर कहा कि दो महीने से ज्यादा हो गए है। मै सिर्फ इंतजार कर रही हूं, जवाब का सच का और इंसाफ का अब तक सीसीटीवी फुटेज भी नहीं मिल सका है।

### पहले जानते है क्या हुआ था

नोएडा सेक्टर-31 के प्रोसेडियम स्कूल में छठवीं क्लास की स्टूडेंट तनिष्का शर्मा की 4 सितंबर को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी।तनिष्का टीचर्स डे के सेलिब्रेशन में पहुंची थी।4 सितंबर को करीब 2 बजे तनिष्का ने लंच किया।इसके बाद वहां से निकलकर नीचे आ रही थी। तभी उसकी तबीयत बिगड़ गई।



तनिष्का, मृतक

तृप्ता शर्मा, मां

मां के मुताबिक, बच्ची सीढ़ियों से गिर गई थी। उसे तुरंत कैलाश हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

घटना के 15 दिन बाद 19 सितंबर को स्टूडेंट तनिष्का शर्मा की मां तृप्ता शर्मा ने 1 मिनट 48 सेकेंड का एक वीडियो जारी किया। तब भी तृप्ता शर्मा ने बच्ची के साथ लास्ट मूवमेंट पर क्या हुआ था वो जानने का प्रयास किया था। और आज भी दो मिनट का एक वीडियो जारी किया है।

### डीवीआर में फुटेज नहीं

उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले मुझे बताया गया कि जो डीवीआर स्कूल ने पुलिस को दिया है, उसमें कोई फुटेज ही नहीं है।

ऐसा कैसे संभव हो सकता है जब 16 सीसीटीवी कैमरे स्कूल में लगे हो और एक में भी कोई फुटेज नहीं है। शायद इसीलिए इतने दिनों तक हमे सीसीटीवी फुटेज नहीं दिखाई गई। अगर कैमरे काम नहीं कर रहे थे तो प्रिंसिपल ने क्यो नहीं बताया। क्या फुटेज डिलीट की गई थी। क्यो छिपाया गया, ये सिर्फ लापरवाही नहीं बल्कि स्कूल प्रबंधन के रोल और जिम्मेदारी पर सीधा सवाल है।

### 21 अक्टूबर को था बर्थडे

सीसीटीवी फुटेज अभी तक मिसिंग है। मुझे पता लगा कि प्रिंसिपल ने एंटीसिपेट्री बेल के लिए पहले ही कोर्ट में अर्जी डाल रखी है। 21 अक्टूबर को मेरी बेटी का बर्थडे था। वो महीनों से तैयारी कर रही थी। क्या करना है किसको बुलाना है। मेरी बेटी की मौत स्कूल में हुई है। आज दो महीने बाद भी मुझे नहीं पता कि उसके साथ क्या हुआ था। रिपोर्ट्स पेंडिंग है सीसीटीवी फुटेज ब्लैंक है। मैं हाथ जोड़कर विनती करती हूं मेरी मदद करे। मैं किसी को परेशान नहीं करना चाहती बस मै एक मां हूं।

# नोएडा में 5.6 करोड़ की ठगी में दो गिरफ्तार

- 65.27 लाख खाते में आए थे, निवेश का दिया था झांसा, खातों को किया गया फ्रीज

**नोएडा।** थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा शेयर मार्केट में निवेश कर लाभ कमाने का झांसा देकर 5.6 करोड़ रुपए की ठगी करने वाले दो ठगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से साइबर अपराध में शामिल 02 मोबाइल फोन बरामद किए गए। इनके नाम साहब सिंह और नीरज हुई है। साइबर पुलिस ने बताया कि 30 अक्टूबर को सेक्टर-50 निवासी एक महिला ने शिकायत दी कि उसे एक वॉट्सऐप ग्रुप जोड़कर शेयर मार्केट में निवेश का झांसा दिया।

ठगों ने पहले महिला को मुनाफा दिखाया और पैसे रिटर्न किए। विश्वास में लेने के बाद महिला ने ठगों के बताए खाते में पैसा ट्रांसफर करना शुरू किया। महिला ने 5.6 करोड़ अलग-अलग खातों में ट्रांसफर किए। जब पैसे निकालने के लिए कहा तो महिला को ग्रुप से बाहर कर दिया। साइबर सेल ने बैंक खातों को फ्रीज कराया। जिसमें साहब सिंह के खाते में 65 लाख 27 हजार 404 रुपए आए थे। एनसीआरपी पोर्टल उक्त बैंक खाते के खिलाफ 22 शिकायतें दर्ज है।

साहब सिंह ने ये पैसा निकालकर अपने मेरठ निवासी साथी नीरज को सौंपा। इस काम के लिए उसे कमीशन मिला।

बताया गया कि उसका साथी नीरज, चालू बैंक खातों को अपने एक अन्य साथी चरणजीत को उपलब्ध कराया था। जिसके बताए अनुसार सभी लोग यह कार्य करते थे और धोखाधड़ी से प्राप्त धनराशि इन्हीं खातों में आती थी। इस अवैध गतिविधि में शामिल प्रत्येक व्यक्ति को उसके अनुसार अपना-अपना कमीशन मिलता था।

# ग्रेटर नोएडा में 24 साल की युवती लापता

**चार दिन पहले घर से निकली थी, सीसीटीवी फुटेज से तलाश**

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर रेलवे स्टेशन के पास एक कॉलोनी से 24 वर्षीय युवती चार दिन से लापता है। परिजनों ने शुक्रवार को दनकौर कोतवाली में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवती संदिग्ध परिस्थितियों में घर से निकली थी और तब से वापस नहीं लौटी है।

परिवार के सदस्यों के अनुसार, युवती चार दिन पहले किसी काम से घर से निकली थी। उसके बाद से उसका मोबाइल फोन लगातार स्विच ऑफ आ रहा है, जिससे परिजनों की चिंता बढ़ गई है। उन्होंने आस-पड़ोस और रिश्तेदारों के यहां भी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।

पीड़ित पिता ने बताया कि बेटी के अचानक गायब होने से परिवार में भय और बेचैनी का माहौल है। उन्होंने पुलिस से तत्काल कार्रवाई करने और बेटी को सुरक्षित ढूंढ निकालने की अपील की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि पुलिस कॉल डिटेल्स, स्थानीय जानकारी और क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज की मदद से सुराग जुटा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस टीमें सक्रिय रूप से काम कर रही हैं और जल्द ही युवती का पता लगा लिया जाएगा।

## दिल्ली-एनसीआर में 5 साल के बच्चे की सर्जरी

**नोएडा।** दिल्ली-एनसीआर में एक पांच साल के बच्चे की सर्जरी हुई है। उसकी मां ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया है। जिसमें अपने बेटे की हालत दिखा रही हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली-एनसीआर की खराब हवा में सांस लेने के कारण बच्चे की तबीयत बिगड़ी है। दो साल पहले वह परिवार के साथ इस इलाके में रहने के लिए आई थी। बच्चे को लगातार सर्दी, सांस लेने में समस्या हो रही थी। दवाओं का भी कोई असर नहीं हो रहा था। प्रदूषण के कारण उनके बेटे के एडेनोइड्स और टॉन्सिल प्रभावित हो गए थे। इसके बाद गुरुग्राम के एक अस्पताल में उसकी सर्जरी करानी पड़ी। इसके लिए बढ़ता प्रदूषण ही जिम्मेदार है।

# ग्रेटर नोएडा में पुलिस-गौकश मुठभेड़

**एक बदमाश को गोली लगी, दर्जनभर से ज्यादा मुकदमे दर्ज**

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के जारचा थाना क्षेत्र में पुलिस और गौकशों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान एक गौकश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जबकि उसका दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से हथियार और अन्य सामान बरामद किए हैं।

ग्रेटर नोएडा के एडीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि शुक्रवार देर शाम जारचा रोड पर पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की एक संदिग्ध बाइक पर सवार लोगों को रोकने का प्रयास किया गया। बदमाशों ने भागने की कोशिश की और पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिससे बदमाश साजिद के पैर में गोली लग



गई। उसका साथी शाहनवाज अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।


घायल बदमाश साजिद को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। साजिद मेरठ के सिवालखास कस्बे का निवासी है और गौकशी करने वाले गिरोह से जुड़ा है। उस पर पहले से ही एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बदमाशों के पास से एक देसी तमंचा, कारतूस, गंडासा, चाकू, रस्सी, प्लास्टिक का कट्टा और दो इंजेक्शन सहित कई अन्य सामान बरामद किए हैं।

यह गिरोह जंगलों में घूमने वाले गोवंशों को निशाना बनाता था। उन्हें एकांत जगह पर ले जाकर रस्सी से बांधने के बाद हथियारों से काट दिया जाता था और फिर उनके मांस को बाजारों में बेचा जाता था। जारचा पुलिस ने साजिद के खिलाफ गोवंश संरक्षण अधिनियम और आर्म्स एक्ट सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मुठभेड़ में बरामद बिना नंबर प्लेट की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल का उपयोग कई आपराधिक मामलों में किया गया है। फरार आरोपी शाहनवाज की तलाश में कॉम्बिंग अभियान चलाया जा रहा है।

# नोएडा के आठ पार्कों का होगा कायाकल्प

**सलाहकार कंपनी का किया जाएगा चयन, अंडरपास का तैयार किया जाएगा डिजाइन**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम ने उद्यान विभाग के कार्यों की समीक्षा की । बैठक में वाईआरएफ, वेदवन पार्क, औषधि पार्क-91, बायोडायवर्सिटी पार्क, वेटलेंड सेक्टर-54 एवं वेटलेंड सेक्टर-91, डॉग पार्क, मेघदूतम पार्क सेक्टर-50 का दोबारा से कायाकल्प किया जाए। इसके लिए सलाहकार का चयन किया जाएगा। प्राधिकरण सीईओ ने इसके लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट जारी करने के लिए कहा है। साथ ही बेहतर ट्रांसपोर्ट के लिए सिग्नेचर ब्रिज के नीचे अंडरपास डिजाइन करने का निर्देश दिए।




### रोटरी और किनारों पर लगेंगे म्यूरल

उन्होंने औषधि पार्क में पहले बनाई गई दुकानों को संचालित किए जाने के लिए कहा। वेदवन पार्क के आस-पास मार्ग का विकास एवं सौन्दर्यीकरण जैसे फुटपाथ का लेवलिंग, साफ-सफाई, मरम्मत आदि कार्य करायें जाने के निर्देश दिये गये। उद्यान विभाग के तीनों खंडों के अंतर्गत ऐसे स्थलों का चयन कर जहां कहीं पेड़ों के कारण अंधेरा रहता है उन स्थलों पर पेड़ों की गहन, तकनीकी छटाई का कार्य कराया जाए। तीनों खंडों के अंतर्गत सड़क पर रोटेरी व पूर्व में बनाये गये तिकोना का सौन्दर्यीकरण का कार्य कराकर म्यूरल्स/स्कल्पचर्स स्थापित किए जाए।

### खराब स्कल्चपर को हटाकर नया लगाया जाए

सेक्टर-10 एवं 12 के चौराहे पर पूर्व में स्थापित खराब हो चुके स्कल्पचर को हटवा कर उसके स्थान पर नया स्कल्पचर स्थापित किया जाये। सेक्टर-38ए एवं सेक्टर-128 में बनाये जा रहे क्लॉक टावर के कार्य में प्रगति लाकर शीघ्र कार्य पूर्ण कराया जाए। महामाया फ्लाई ओवर के समीप एक्सप्रेस-वे पर 3डी स्कल्पचर (शेर की आकृति) को स्थापित किये जाने के लिए निर्देश दिए गए। डी-पार्क व सेक्टर-108 हरित पट्टिका में बनाये जा रहे तालाब का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराने के लिए कहा गया।

### अंडरपास का तैयार करे डिजाइन

पर्थला सिग्नेचर ब्रिज के नीचे प्रस्तावित अंडरपास परियोजना का डिजाइन तैयार कराने के लिए उप महाप्रबनधक (सिविल) को निर्देशित किया गया। एडॉप्टेशन पर दिये गये उद्यानिकी क्षेत्रों की समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही के लिए कहा गया। प्रगतिरत जैपनिज पार्क के विकास कार्यों के अंतर्गत पार्क के मुख्य द्वार को जैपनिज गेट-वे की तर्ज पर बनाये जाए।

## केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी करेंगे इंडोर स्टेडियम का उद्घाटन

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में स्थित किसान इंटर कॉलेज में नवनिर्मित इंडोर स्टेडियम का उद्घाटन शनिवार को केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी करेंगे। इस संबंध में शुक्रवार शाम को एक प्रेसवार्ता आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय लोकदल पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत दौला, पूर्व सांसद मलूक नागर और जिलाध्यक्ष जनार्दन भाटी ने जानकारी दी। पदाधिकारियों ने बताया कि यह अत्याधुनिक इंडोर स्टेडियम क्षेत्र के ग्रामीण युवाओं और विद्यालय के छात्रों में खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बनाया गया है। इसका निर्माण कॉलेज परिसर में किया गया है। अजीत दौला ने कहा कि लंबे समय से स्थानीय खिलाड़ी उचित सुविधाओं के अभाव में अपनी प्रतिभा का पूरा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे थे। इस स्टेडियम के बनने से अब उन्हें बेहतर प्रशिक्षण, अभ्यास और विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि उद्घाटन समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षक, ग्रामीण और बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद रहेंगे। इस इंडोर स्टेडियम के शुरू होने से क्षेत्र में खेल गतिविधियों को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# नोएडा में निवेश का झांसा देकर 60 लाख ठगे

**ऑनलाइन चेन में मॉल खरीदने और बेचने पर मिलता था मुनाफा, 22 बार में ट्रांसफर की रकम**

**नोएडा।** साइबर ठगों ने नोएडा सेक्टर 43 के रहने वाले बिल्डर से ऑनलाइन स्टोर चेन में निवेश कराने के नाम पर बिल्डर से 60 लाख रुपए ठग लिए। मुनाफे समेत पूरी रकम नहीं निकलने पर पीड़ित को ठगी का पता चला। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ठगों की पहचान और तलाश में जुटी है।

### पहली बार में 20 प्रतिशत का मुनाफा

नोएडा सेक्टर 43 के रहने वाले मनोज, पेशे से बिल्डर हैं। वह 20 अगस्त को फेसबुक से माही नाम की महिला ठग के संपर्क में आये। उसके बाद वाट्स अप पर बात होने लगीं। ठग ने ऑनलाइन स्टोर से जुड़कर खुद कारोबार करना और 15-20 प्रतिशत तक लाभ होना बताया। मनोज को भी अपनी गारंटी पर कारोबार करने को राजी किया। मनोज ने ठग के कहने पर विश शाप नाम के स्टोर पर बल्क में माल खरीदना शुरू कर दिया और 24 घंटे में ही ऑनलाइन माल बेच दिया। पहली ही डील पर मनोज को 20 प्रतिशत का लाभ हुआ।

### 60 लाख रुपए किए निवेश

रकम बैंक में खाते में ट्रांसफर होने पर मनोज का विश्वास बढ़ने लगा। फिर क्या था। जैसे-जैसे ठग कहते जाते। वैसे-वैसे मनोज करते जाते। मनोज ने 24 नवंबर तक 22 बार में 60 लाख रुपए निवेश कर दिए। एप पर 1.10 करोड़ रुपए दिखने लगे तो मनोज ने मुनाफे समेत रकम निकालने का आवेदन किया। ठगों ने कर के रूप में 11 लाख जमा कराने को बोला। मनोज के रकम जमा नहीं करने पर ठगों ने यूएस सरकार द्वारा एप खाता बंद करने की बात कहकर डराया।

11 लाख में से आठ लाख रुपए जमा करने की बात कही, लेकिन शक होने पर मनोज ने रकम नहीं दी तो ठगों ने संपर्क तोड़ दिया। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने एनसीआरपी पोर्टल और साइबर क्राइम थाना पुलिस से शिकायत की। एडीसीपी साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# शार्ट न्यूज

## सोलर पंप बुकिंग का स्वर्णिम अवसर

**सोनू शर्मा विशाल इण्डिया**

**ग्रेटर नोएडा।** उप कृषि निदेशक गौतमबुद्धनगर राजीव कुमार ने जनपद के समस्त कृषकों को बताया कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में सोलर पंप प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया 26 नवंबर 2025 से 15 दिसंबर 2025 तक विभागीय पोर्टल पर खुली रहेगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक कृषक विभागीय वेबसाइट www.upagriculture.com पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराने के उपरांत https://agriculture.up.gov.in/ पर उपलब्ध अनुदान पर सोलर पंप बुकिंग लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।सोलर पंप की विभिन्न श्रेणियों 2 एचपी डीसी/एसी सरफेस पंप,2 एचपी डीसी/एसी सबमर्सिबल पंप,3 एचपी डीसी/एसी सबमर्सिबल पंप, 5, 7.5 एवं 10 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर अनुमन्य अनुदान प्रदान किया जाएगा।

## 25 नवंबर से 25 दिसंबर तक संचालित हो रहा है विशेष आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड अभियान

**सोनू शर्मा विशाल इण्डिया**

**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्धनगर जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत प्रत्येक परिवार को चिन्हित अस्पतालों में पाँच लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना में परिवार के हर सदस्य का अलग-अलग कार्ड बनाया जाता है। जिससे पाँच लाख तक का लाभ कोई एक व्यक्ति या पूरा परिवार मिलकर ले सकता है।उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 25 नवंबर 2025 से 25 दिसंबर 2025 तक आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड का विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान की सफलता के लिए सभी हितधारकों आशा वर्कर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सहायक, कोटेदार, सभी स्कूलों के शिक्षक, प्रधान, सचिव तथा जन सूचना केंद्र संचालक से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक पात्र परिवारों के कार्ड बनवाने में सहयोग करें।

## प्रेमिका की गोली मारकर हत्या

**नोएडा।** याकूबपुर गांव में शुक्रवार देर रात प्रेमी ने पीजी में घुसकर 25 वर्षीय युवती की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद बाद आरोपी फरार हो गया। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। डीसीपी सेंट्रल शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि याकूबपुर गांव में 25 वर्षीय सोनू नामक युवती पीजी में रहती थी। उसका कृष्णा नामक युवक से प्रेम संबंध था। शुक्रवार की रात को दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद बढ़ने पर कृष्णा ने पीजी में उसे गोली मार दी। घटना में युवती की मौत हो गई है।डीसीपी ने बताया कि घटना की सूचना पाकर वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी कृष्णा मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश में पुलिस की चार टीमें लगाई गई हैं। डीसीपी ने दावा किया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। याकूबपुर गांव में हुई इस घटना के चलते सनसनी फैल गई है। आसपास के लोग इस घटना को लेकर तरह-तरह की बातें कर रहे हैं।

## अधिकारियों ने औद्योगिक सेक्टर का दौरा किया

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस एवं एसीईओ सुमित यादव ने शुक्रवार को टीम के साथ औद्योगिक सेक्टर इकोटेक-तीन का निरीक्षण किया। इस दौरान उद्यमी संगठन इंडस्ट्रियल बिजनेस एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित उपाध्याय एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने कहा कि जल निकासी के लिए नालियों को चौड़ा करने के साथ नई नाली का निर्माण करने की तैयार चल रही है, जल्द निविदा जारी की जाएगी। साथ ही हॉलैंड चौराहा से 130 मीटर मार्ग तक सड़क की मरम्मत का कार्य किया जाएगा। आंतरिक सड़कों की मरम्मत का कार्य भी किया जाएगा। सभी औद्योगिक सेक्टरों में सार्वजनिक शौचालय के निर्माण का भी आश्वासन दिया है।श्रमिक सुविधा केंद्र भी बनाए जाएंगे। एसीईओ ने सभी मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त किए जाने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

## सेक्टरों में विकास कार्य थमने से नाराजगी

**नोएडा।** शहर के आवासीय सेक्टरों में विकास कार्य न होने से रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) में नाराजगी है। उनका कहना है कि कुछ महीनों से विकास कार्य थम गए हैं। सेक्टर और ग्रीन बेल्ट का विकास नहीं हो रहा। जल और सीवर की समस्या झेलनी पड़ रही है। सेक्टर-51 सीडीई ब्लॉक के आरडब्ल्यूए महासचिव संजीव कुमार ने बताया कि मेघदूतम पार्क के विकास की तरफ भी ध्यान नहीं दिया जा रहा । पार्क में लगी घड़ी भी दो बार ठीक करा चुके, यह अब भी खराब है। उनकी मांग है कि घड़ी को तत्काल ठीक कराया जाए या हटा दिया जाए।सेक्टर-144 आरडब्ल्यूए महासचिव भगत सिंह तोंगड़ ने बताया सेक्टर में सीवर और नाली की गंभीर समस्या बनी हुई है। सीवर लाइन जमा पड़ी है। सीवर के मैनहॉल से सीवरेज ओवरफ्लो हो रही है। नालियां भी टूटी पड़ी है। नालियों में हर समय पानी जमा रहता है। पार्क कूड़ेघर में तब्दील सेक्टर-52 के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष रघुनाथ सिंह ने बताया कि पिछले कुछ महीनों से पार्कों के विकास की तरफ बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## खेल विभाग की टीम ने उपकरणों की जांच की

**ग्रेटर नोएडा।** बास्केटबॉल कोर्ट में हरियाणा में दो खिलाड़ियों की मौत के बाद जिला खेल विभाग के अधिकारी सतर्क हो गए हैं। शुक्रवार को प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने टीम के साथ निजी स्कूलों में बास्केटबॉल खंभे (पोल) के साथ खेल मैदान में लगे अन्य उपकरणों की जांच की। इस दौरान कई खंभे जर्जर मिले। निरीक्षण में कई स्कूलों में खंभे जर्जर अवस्था मिले। खेल अधिकारी की ओर से अकादमी में लगे खंभे को दुरुस्त कराने और एनओसी के लिए नोटिस जारी किए गए हैं।हरियाणा के रोहतक और बहादुरगढ़ में हाल ही में बास्केटबॉल कोर्ट में हुई दो अलग-अलग घटनाओं में बास्केटबॉल 'हूप' का लोहे का खंभा गिरने से राष्ट्रीय स्तर के एक खिलाड़ी समेत दो की मौत हो गई थी। घटना के बाद गौतमबुद्ध नगर खेल विभाग ने जिले में संचालित निजी अकादमी में खिलाड़ियों की सुरक्षा के मद्देनजर विशेष अभियान शुरू कर दिया है। प्रभारी जिला खेल अधिकारी डॉ. परवेज अली ने बताया कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित द मिलेनियम स्कूल में लगे बास्केटबॉल कोर्ट में खंभे जर्जर अव्यवस्था में मिले। सेठ आनंद राम जयपुरिया स्कूल में निरीक्षण किया गया। इसमें बास्केटबॉल कोर्ट सही पाया गया। सेंट फ्रांसिस स्कूल के खेल मैदान में खेती की जा रही है। फुटबॉल के खंभे जर्जर अवस्था पाए गए। साथ ही मैदान में कोई साफ सफाई तक की व्यवस्था नहीं है।

## 30 से अधिक ई-रिक्शे चोरी करने वाला गिरफ्तार

**नोएडा।** सेक्टर-39 थाने की पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर से 30 से अधिक ई-रिक्शा चुराने वाले कुख्यात बदमाश को शुक्रवार को थाना क्षेत्र से दबोच लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी के छह ई-रिक्शे बरामद किए। आरोपी के खिलाफ नोएडा के अलग-अलग थाने में आठ केस दर्ज हैं। एसीपी प्रवीण सिंह ने बताया कि बीते दिनों थाना क्षेत्र से एक ई-रिक्शा चोरी हुआ था। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी। वारदात करने वाले बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम बनाई गई। बदमाश शुक्रवार को जब वारदात करने की फिराक में फिर से शहर में दाखिल हुए, तभी मुखबिर से मिली सूचना पर एक आरोपी को दबोच लिया गया।एक अन्य आरोपी भागने में सफल रहा। दबोचे गए आरोपी की पहचान पश्चिम बंगाल के दक्षिणी दिनाजपुर निवासी प्रदीप सरकार के रूप में हुई। वर्तमान में वह सेक्टर-105 में किराये का कमरा लेकर रह रहा है। उसके पास से पुलिस को एक तमंचा मिला। कड़ाई से पूछताछ करने पर प्रदीप ने बताया कि उसने चोरी के छह रिक्शे को झाड़ियों के पीछे छिपाया हुआ है।

# गोरखपुर-शामली पानीपत एक्सप्रेसवे में शामिल हुआ पीलीभीत

**पीलीभीत।** गोरखपुर-शामली पानीपत एक्सप्रेसवे के प्रस्तावित मार्ग से पीलीभीत को हटाए जाने के फैसले पर स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने चिंता जताई थी इसको लेकर एडवोकेट और सामाजिक कार्यकर्ता शिवम कश्यप ने केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद को 20अगस्त को पत्र लिखकर इस एक्सप्रेसवे में पीलीभीत को दोबारा शामिल करने का आग्रह किया है।

उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा एक्सप्रेसवे, गोरखपुर-शामली पानीपत एक्सप्रेसवे, लगभग 700 किलोमीटर लंबा प्रस्तावित है। इसके पुराने प्रस्ताव में यह मार्ग गोरखपुर से शुरू होकर महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर, पीलीभीत, बरेली, मुरादाबाद, बिजनौर, मेरठ होते हुए शामली में समाप्त होने वाला था।

हालांकि, हाल ही में इस प्रस्ताव में संशोधन किया गया है। नए मार्ग के अनुसार, अब यह एक्सप्रेसवे सीतापुर, शाहजहांपुर पुवायां, पीलीभीत के बीसलपुर, बदायूं, रामपुर और मुरादाबाद से होते हुए शामली तक



जाएगा, जिससे पीलीभीत इस महत्वपूर्ण परियोजना से बाहर हो गया है।सामाजिक कार्यकर्ता शिवम कश्यप एडवोकेट ने अपने पत्र में बताया कि पीलीभीत एक विश्व प्रसिद्ध टाइगर रिजर्व वाला जिला है। उचित सड़क मार्ग न होने के कारण यहां पर्यटक आने से कतराते हैं, जिससे पर्यटन और जिले के विकास में बाधा आ रही है। उन्होंने कहा कि पहले से प्रस्तावित मार्ग से पीलीभीत को हटाना कहीं न कहीं जिले के विकास को बाधित करेगा।

उन्होंने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया है कि वे इस मामले पर केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से बात करें और गोरखपुर-शामली एक्सप्रेसवे को पुरानी योजना के अनुसार पीलीभीत से होकर गुजारने की व्यवस्था करें।

कश्यप ने कहा कि ऐसा करना पीलीभीत की जनता पर एक बड़ी कृपा होगी और जिले के विकास को गति मिलेगी। इसी क्रम में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सीमांकन के अंतिम चरण में पीलीभीत को सम्मिलित करने का आदेश जारी किया है।

शिवम कश्यप ने पुनः एक्सप्रेसवे में पीलीभीत को सम्मिलित किए जाने पर केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद और राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार का आभार व्यक्त किया। यह एक्सप्रेसवे आर्थिक और सामाजिक विकास का एक महत्वपूर्ण साधन साबित होगा।

# जामुन के पेड़ के नीचे मिला बुजुर्ग का रक्तरंजित शव, क्षेत्र में सनसनी

## हत्या या आत्महत्या—पोस्टमार्टम रिपोर्ट करेगी राज़ उजागर





**पीलीभीत।** शुक्रवार सुबह जनपद के गजरौला कला थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग का रक्तरंजित शव मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। जामुन के पेड़ के नीचे संदिग्ध परिस्थितियों में मिले शव को देखकर ग्रामीण दहशत में आ गए। मृतक की पहचान बैजू नगर निवासी जीवनलाल पुत्र जानकी प्रसाद (लगभग 50 वर्ष) के रूप में हुई है। घटनास्थल पर जूते और एक डंडा भी बरामद होने से मामला और अधिक संदिग्ध हो गया है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह लगभग 8 बजे जंगल के पास स्थित खेत से गुज़र रहे कुछ ग्रामीणों ने पेड़ के नीचे एक व्यक्ति का शव देखा। शव खून से लिपटा हुआ था और शरीर पर कई निशान प्रतीत हो रहे थे। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने मामले की सूचना तत्काल वन विभाग को दी।

वन रक्षक रामभरत यादव के अनुसार मृतक जीवनलाल का खेत जंगल से सटा हुआ है और वे गुरुवार से ही घर से लापता थे। परिजन और ग्रामीण उनकी तलाश कर रहे थे, लेकिन शुक्रवार सुबह ही उनका शव पेड़ के नीचे मिला।

सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और पूरी जानकारी गजरौला कला पुलिस को दी।

कुछ ही देर में थानाध्यक्ष ब्रजवीर सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने क्षेत्र का गहन निरीक्षण किया, साक्ष्य एकत्र किए और घटनास्थल का बारीकी से परीक्षण किया।

थानाध्यक्ष ने बतायामामला प्रथम दृष्ट्या संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। मौत हत्या है अथवा आत्महत्या, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा। सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है।

### मानसिक तनाव में रहते थे मृतक, परिवार ने जताई आत्महत्या की आशंका

मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि जीवनलाल काफी समय से भारी कर्ज में डूबे हुए थे, जिसके चलते वह मानसिक तनाव से जूझ रहे थे। परिजनों ने आशंका व्यक्त की है कि मानसिक दबाव के कारण उन्होंने आत्महत्या जैसा कदम उठाया होगा। हालांकि घटनास्थल से डंडा मिलने और शरीर पर निशान मिलने से यह आशंका भी बनी हुई है कि मामला आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या भी हो सकता हैं। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का वास्तविक कारण सामने आएगा। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है और परिजनों व ग्रामीणों से पूछताछ जारी है। ग्रामीणों में घटना को लेकर भय व चिंता का माहौल है। पुलिस का कहना है कि मामले का जल्द ही पर्दाफाश किया जाएगा।

# धान क्रय केंद्रों पर उठान ठप, किसानों में भारी रोष

## मंडी समिति परिसर में 70 हजार कुंतल धान जमा, टीन शेड भरे; ट्रालियों की लंबी कतारें लगीं

**बीसलपुर।** मंडी समिति परिसर में संचालित 33 धान क्रय केंद्रों पर उठान न होने के कारण स्थिति गंभीर हो गई है। 3 अक्टूबर से अब तक लगभग 70 हजार कुंतल धान की खरीद हो चुकी है, लेकिन मंडी के टीन शेड धान की बोरियों से पूर्ण रूप से भर चुके हैं। जगह न होने के कारण केंद्र प्रभारियों ने लगभग खरीद बंद कर दी है।

इस अव्यवस्था के चलते मंडी में धान बेचने पहुँचे किसानों की ट्रालियां बिलसंडा मार्ग तक लंबी कतारों में खड़ी हैं। ट्रालियों में करीब 3 हजार कुंतल से अधिक धान लदा हुआ बताया जा रहा है।इधर किसान लगातार



अपना धान तौल करवाने के लिए केंद्र प्रभारियों पर दबाव बना रहे हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि लेखपाल द्वारा उन्हें टोकन जारी कर दिए गए हैं, इसलिए केंद्र पर उनका धान तत्काल खरीदा जाना चाहिए। केंद्र प्रभारी जगह की कमी का हवाला देकर खरीद में आना-कानी कर रहे हैं, जिससे किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। मंडी के एम.ओ. जय सिंह ने बताया कि वे धान के उठान के लिए प्रयासरत हैं। जल्द ही उठान शुरू कर दिया जाएगा और किसानों का धान क्रमवार खरीदा जाएगा।

## कांग्रेस नेता श्रीप्रकाश जायसवाल का निधन

**कानपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व कोयला मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल का निधन हो गया। वे 81 साल के थे। जायसवाल लंबे समय से बीमार चल रहे थे। शुक्रवार शाम अचानक तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर उन्हें कानपुर के कार्डियोलॉजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वे हार्ट की बीमारी से परेशान थे श्रीप्रकाश के निधन की पुष्टि कांग्रेस महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने की। पूर्व मंत्री का पार्थिव शरीर लालबंगला पोखरपुर स्थित आवास पर लाया गया है। निधन की खबर पाकर लोग उनके आवास पहुंच रहे हैं।

## बजाज फाइनेंस धोखाधड़ी: चार आरोपी गिरफ्तार



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक एंव क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में, जनपद में अपराध एव अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 881/25 धारा 318(4)/ 336(3)/338/ 340(2)/ 61(2)/341(2)बीएनएस में वांछित 04 अभियुक्तगण 01. महेन्द्र राय पुत्र रामबक्श राय निवासी 1278 नेहरूनगर निकट टोरिया मन्दिर थाना कोतवाली ललितपुर जिला ललितपुर, 02. अभिनव निगम पुत्र राजेश निगम निवासी गली नं0 05 गायत्री विहार कस्बा पारा थाना पारा जिला कमिश्नरेट उत्तरी लखनऊ, 03. पारस वर्मा पुत्र घनश्याम वर्मा निवासी कालपी ब्रिज कोलोनी थाना मुरार जिला ग्वालियर व 04. विकास दिवाकर पुत्र विजय बाबू दिवाकर निवासी ग्राम दिनारा निकट अम्बेडकर पार्क थाना दिनारा जिला शिवपुरी म0प्र0 को नियमानुसार गिरफ्तार कर, न्यायिक अभिरक्षा हेतु मा0 न्यायालय पेश किया जा रहा है।

## पुलिस ने वर्णी जैन इंटर कॉलेज में जागरूकता अभियान चलाकर छात्रों को किया जागरूक

**ललितपुर।** यातायात पुलिस ने वर्णी जैन इंटर कॉलेज में यातायात जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख चौराहो पर बिना हेलमेट तीन सवारी प्रेशर हॉर्न, बिना नंबर प्लेट मोडिफाइड साइलेंसर, ओवरहाइट वाहनों के विरुद्ध चलाया गया सघन चैकिंग अभियान। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार के निर्देशन में ,यातायात प्रभारी, ललितपुर आलोक कुमार तिवारी द्वारा वर्णी जैन इंटर कॉलेज में छात्रों/ विद्यालय स्टाफ को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से छात्रों / विद्यालय स्टाफ को हेलमेट, सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग, गलत दिशा में वाहन न चलाना, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाना, सड़क पर स्टंटबाजी न करना, राहवीर योजना, हिट एंड रन के मामले में सरकार द्वारा दी जा रही आर्थिक सहायता के बारे में विस्तार से बताया गया। इसी क्रम में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया व नियम विरुद्ध वाहन के संचालन करने वाले वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया गया।प्रवर्तन कार्यवाही के अंतर्गत 96 वाहनों का चालान किया गया व 02 वाहनों को सीज किया गया।

# मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टुकटुक को मारी जोरदार टक्कर, चालक गंभीर

## अवैध खनन के खिलाफ छात्रों का फूटा गुस्सा

**गजरौला (पीलीभीत)।** थाना गजरौला क्षेत्र के पिपरिया भजा मोड़ पर शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। मिट्टी से भरी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने सामने से आ रहे टुकटुक को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें टुकटुक चालक कृष्ण कुमार (20 वर्ष), पुत्र मुकेश, निवासी सुहास गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसका उपचार कराया गया।

हादसे के वक्त स्कूल जाने वाले छात्र बाल-बाल बच गए, जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने बताया कि सुहास-पिपरिया भजा मार्ग पर



सुबह से ही मिट्टी खनन और ट्रैक्टरङ्कट्रॉलियों का आवागमन तेज रहता है, जो स्कूल बच्चों और आम लोगों के लिए लगातार खतरा बना हुआ है।

लगातार एक माह से अवैध मिट्टी ढोने वाली ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का आतंक स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले एक महीने से लगातार अवैध मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियाँ गांवों की छोटी सड़कों पर तेज रफ्तार से दौड़ रही हैं। कई बार हादसे होते-होते बचे हैं, लेकिन पुलिस की लापरवाही और बिना कार्रवाई के कारण अवैध खनन पर रोक नहीं लग पा रही है।

छात्रों व ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन हादसे के बाद स्कूली छात्रों ने सड़क पर विरोध प्रदर्शन करते हुए अवैध मिट्टी की ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। छात्रों ने बताया कि वे प्रतिदिन निजी स्कूल के लिए इस मार्ग से गुजरते हैं और सुबह के समय ट्रैक्टरङ्कट्रॉलियों की भरमार के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

ग्राम प्रधान ने भी बताया कि अवैध खनन पर रोक लगाने की शिकायतें कई बार प्रशासन को भेजी गईं, लेकिन अनदेखी के कारण ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का संचालन जारी है।

हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर और टुकटुक को हटवाकर जाम खुलवाया तथा घायल को उपचार के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। राजस्व विभाग की मिलीभगत से हो रहा है अवैध खनन जिम्मेदार मौन।

# शार्ट न्यूज

## किसानों के लिए सोलर पम्प की ऑनलाइन बुकिंग शुरू, 15 दिसम्बर अंतिम तिथि

**पीलीभीत।** पीएम कुसुम (सोलर पम्प) योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए सोलर पम्प की ऑनलाइन बुकिंग 26 नवम्बर से प्रारम्भ कर दी गई है। कृषि विभाग के अनुसार बुकिंग की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर निर्धारित की गई है।विभाग ने विभिन्न क्षमताओं—2 एचपी, 3 एचपी, 5 एचपी, 7.5 एचपी और 10 एचपी—के डीसी और एसी सर्फेस तथा सबमर्सिबल पम्पों के निर्धारित मूल्य, कुल अनुदान, टोकन मनी और कृषक अंश का विस्तृत विवरण जारी किया है। योजना का लाभ पाने के लिए किसानों का विभागीय वेबसाइट upagriculture.com पर पंजीकरण अनिवार्य है। बुकिंग के समय 5000 रुपये टोकन मनी ऑनलाइन जमा करनी होगी। चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। टोकन कन्फर्म होने के एक सप्ताह के भीतर शेष कृषक अंश जमा न करने पर आवेदन स्वतः निरस्त हो जाएगा।

## नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में मिलेगा निःशुल्क खाद्यान्न, मोबाइल ओटीपी से भी वितरण संभव

**पीलीभीत।** जनपद में दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 तक अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशनकार्डधारकों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जाएगा। वितरण उचित दर दुकानों पर नामित नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में किया जाएगा।राशन वितरण ई-पॉश मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण द्वारा होगा। जो लाभार्थी किसी कारणवश आधार प्रमाणीकरण नहीं करा पाते, वे वितरण दिवस के अंतिम दिन वेरिफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त कर सकेंगे। मोबाइल ओटीपी वेरिफिकेशन के लिए कार्डधारक के परिवार के किसी सदस्य का मोबाइल नंबर सत्यापित कर राशनकार्ड मैनेजमेंट सिस्टम में दर्ज किया जाएगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत अंत्योदय कार्डधारकों को गेहूं 14 किग्रा व चावल 21 किग्रा प्रति कार्ड, जबकि पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को गेहूं 2 किग्रा प्रति यूनिट व चावल 3 किग्रा प्रति यूनिट निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

## जिला कारागार में औचक निरीक्षण



**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। अधिकारियों ने किशोर बैरक, महिला बैरक और अन्य बैरकों का निरीक्षण करते हुए बंदियों से सीधे संवाद किया।निरीक्षण के दौरान बंदियों ने अपनी समस्याएँ साझा कीं, जिनका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने भोजन, साफ-सफाई, सुरक्षा और चिकित्सा समेत उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता पर भी जानकारी ली।जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि सभी सुविधाएँ मानक के अनुरूप उपलब्ध कराई जाएँ और किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। निरीक्षण के समय जेल अधीक्षक, जेलर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## लकड़ी डिपो पर चौकीदार पर सियार का हमला, उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती

**बरखेड़ा।** कस्बे के एक लकड़ी डिपो पर चौकीदारी कर रहे नन्हे बख्श (36) पर कल देर रात सियार ने अचानक हमला कर दिया। घटना उस समय हुई जब नन्हे बख्श डिपो परिसर में खाना बना रहे थे। अचानक झाड़ियों से निकले सियार ने उन पर झपट्टा मार दिया, जिससे वह घायल होकर गिर पड़े।हमले के बाद नन्हे बख्श की चीख सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाया और घायल अवस्था में बरखेड़ा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टरों के अनुसार घायल की स्थिति अब स्थिर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में आए दिन जंगली जानवरों की आवाजाही बढ़ रही है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है। लोगों ने वन विभाग से आकस्मिक गश्त बढ़ाने और आवारा जंगली जानवरों को पकड़ने की मांग की हैं।

## कानपुर में स्लीपर बस जलकर राख

**कानपुर।** कानपुर में चलती स्लीपर बस में भीषण आग लग गई। आग का गोला बनी बस में 43 यात्री अंदर फंस गए। चीख-पुकार मच गई। पुरुष यात्री किसी तरह कूदकर नीचे उतरे, लेकिन महिलाएं और बच्चे फंस गए। ड्राइवर-कंडक्टर भी भाग गए। रामा देवी चौराहे पर ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मी दौड़कर मौके पर पहुंचे। धू-धू कर जल रही बस में जान की परवाह किए बगैर दो सिपाही चढ़ गए। तब तक बस की छत से लपटें तेज हो चुकी थीं। कुछ महिला यात्री अपना सामान उठाने लगीं। दोनों कॉन्स्टेबल चिल्लाए- सामान छोड़ दो आग तेज हो रही है। इसके बाद दोनों कॉन्स्टेबलों ने एक-एक यात्री को बाहर निकाला। कॉन्स्टेबल बोले- अगर 2 मिनट भी हम देरी से पहुंचते तो 4-5 लोगों की मौत हो सकती थी। वे जिंदा जल जाते। लेकिन समय रहते सभी यात्रियों को बाहर निकाल लिया गया। पलक ट्रैवल्स की बस दिल्ली से बनारस जा रही थी। आग कैसे लगी यह क्लियर नहीं हो पाया है। यात्रियों का दावा है कि बस के ऊपर रखे सामान की वजह से आग लगी। सामान क्या था, पुलिस इसकी जांच कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अंदर यात्री फंस गए। आग की लपटें बस के गेट तक आ रही थीं। कोई बाहर नहीं आ पा रहा था।

# यूपी-112 ने बढ़ाया सुरक्षा का दायरा : नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को किया जागरूक

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस की आधुनिक, तेज और भरोसेमंद आपात सेवा यूपी-112 अब सुरक्षा जागरूकता को नई ऊंचाई दे रही है। ललितपुर में चल रहे 'जन-जागरूकता की बात, जन-जन के साथ' अभियान के तह पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में यूपी-112 टीम ने गांवों से लेकर शहर के व्यस्त बाजारों तक सुरक्षा, त्वरित सहायता और जिम्मेदार नागरिकता के बारे में जानकारी दी।अभियान के दौरान यूपी-112 की टीम ने कस्बा बार, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, थाना तालबेहट और पूरा कला तिराहा थाना तालबेहट पर व्यापक जनसंपर्क किया। टीम ने नागरिकों को 112 की कॉल प्रक्रिया, महिला सुरक्षा सेवाओं, एम्बुलेंस सहायता और त्वरित रिस्पॉन्स टाइम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में एलईडी डिस्प्ले, पम्पलेट वितरण, माइक अनाउंसमेंट और मोबाइल वैन के माध्यम से सुरक्षा संदेश लगातार प्रसारित किए गए। अभियान के दौरान भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों



में मौजूद लोगों ने कई सवाल पूछे, जिनका टीम ने मौके पर ही समाधान किया, जिससे नागरिकों की सुरक्षा समझ और 112 सेवाओं के प्रति भरोसा और मजबूत हुआ। जनता की उत्साही भागीदारी और नुक्कड़ नाटक ने बढ़ाई जागरूकता। अभियान का सबसे आकर्षक हिस्सा रहा नुक्कड़ नाटक, जिसने बड़ी संख्या में लोगों को अपनी ओर खींचा। नाटक के माध्यम से यह दर्शाया गया कि दुर्घटना, विवाद, छेड़छाड़, मेडिकल संकट या किसी भी आपात स्थिति में 112 ही सबसे जल्दी और भरोसेमंद सहायता देने वाला नंबर है। फर्जी कॉल से बचने और जानकारी देते समय सटीक लोकेशन बताने का महत्व भी नाटक में स्पष्ट किया गया।जनता की सकारात्मक प्रतिक्रियाएं, कार्यक्रम के दौरान लोगों में जागरूकता को लेकर उत्साह दिखा और सभी ने यूपी-112 की सेवाओं की प्रशंसा की।

स्थानीय निवासियों ने कहा कि नाटक देखकर हमें 112 की पूरी प्रक्रिया समझ में आ गई। यह सबसे असरदार तरीका था। महिलाओं ने कहा कि 112 महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित सहायता सेवा है, और नाटक ने इसे बहुत अच्छे से समझाया। व्यापारियों ने कहा की ऐसे कार्यक्रम नियमित होने चाहिए। इससे जनता ज्यादा जागरूक और तैयार होती है।

# ललितपुर पुलिस ने छात्राओं, महिलाओं को किया जागरूक

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के अंतर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की ।

आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर्स। 1090 वूमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन , 181 महिला हेल्पलाइन , 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन साइबर अपराध से बचाव के लिए निम्न जानकारियाँ दी गई।

किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें । कभी भी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक डिटेल, ओटीपी आदि मांगने पर कभी न दें। सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते । किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने विना उसे फोरवर्ड व शेयर न करें ।

अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें । कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच, या धमकी पर विश्वास न करें । प्लेस्टोर से जैनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, प्लेस्टोर के अलावा कहीं से भी ऐप डाउनलोड न करें ।

महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु शासन द्वारा चलाये जा रही योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वन स्टाप सेन्टर, आदि के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गयी ।

# जिलाधिकारी के निर्देशन में कलैक्ट्रेट में लगाया गया निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

## जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में कलैक्ट्रेट परिसर में झांसी की एंजेल स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया, जिसका जिलाधिकारी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। मौके पर जिलाधिकारी ने स्मार्ट सिटि हॉस्पिटल के मोबाइल चार्जिग स्टेशन का भी शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि ललितपुर के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिले, इसके लिए एजेंस स्मार्ट सिटि हॉस्पिटल की ओर से यह शिविर लगाया गया है, हॉस्पिटल में लगभग सभी डिपार्टमेंट्स के स्पेशलिस्ट उपलब्ध हैं और आयुष्मान योजना का लाभ भी दिया जाता है। इसके साथ ही जांचे भी न्यूनतम दर पर हो जाती हैं। शिविर में हॉस्पिटल के स्पेशलिस्ट चिकित्सकों के द्वारा कलैक्ट्रेट के अधिकारी/कर्मचारी व मीडिया बंधुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया व परामर्श दिया गया। बताया गया कि



झांसी स्मार्ट सिटि लिमिटेड द्वारा पीपीटी मॉडल पर अत्याधुनिक मल्टी स्पेशलिटी 200 बेड्स का अस्पताल है, जिसमे आयुष्मान कार्ड द्वारा मुफ्त इजाल की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा अन्य मरीजों का भी न्यूनतम दरों पर उपचार किया जा जाता है। हॉस्पिट में सभी प्रकार के स्पेशलिस्ट चिकित्सक उपलब्ध हैं।

आज जनजागरुकता के लिए यह कैम्प लगाया गया है।हॉस्पिटल के जनरल मैनेजर डॉ अतुल सिंह यादव ने बताया कि एंजेल स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल झांसी में बस स्टैंड आरटीओ के पास स्थित है, इस अस्पताल में एक ही छत के नीचे सभी तरह की जांचे न्यूनतम सीजीएचएस के रेट पर की जाती हैं जो बाजार से 50 प्रतिशत कम होती है, साथ ही इस अस्पताल में 32 डॉक्टरों की टीम मौजूद है जिसमें मुख्यत हार्ट सर्जन, डेंटल, फिजिशियन, न्यूरोलॉजी सहित अन्य सभी डिपार्टमेंट के चिकित्सक उपलब्ध हैं। कैम्प में चिकित्सकों द्वारा 478 मरीजों की जांचे की गई और जिन मरीजों को चिकित्सालय आने की सलाह दी जाती है उन्हें निःशुल्क देखा जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पेरू के पूर्व राष्ट्रपति विजकार्रा को 14 साल की जेल

**लीमा, एजेंसी।** पेरू की एक अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति मार्टिन विजकार्रा को एक दक्षिणी राज्य के गवर्नर के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार योजना में उनकी भूमिका के लिए 14 साल जेल की सजा सुनाई है। विजकार्रा को तत्काल कारावास की सजा सुनाई गई और सार्वजनिक पद से नौ वर्ष का प्रतिबंध लगा दिया गया। अदालत ने निष्कर्ष निकाला कि विजकार्रा ने मोकेगुआ के गवर्नर के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान दो प्रमुख परियोजनाओं – एक सिंचाई प्रणाली और एक अस्पताल के निर्माण – के लिए ठेके देने के बदले में कंपनियों से अवैध भुगतान प्राप्त किया था। अधिकारियों ने विजकार्रा पर निर्माण कंपनियों से लगभग 611,000 डॉलर की रिश्वत लेने का आरोप लगाया। अभियोजकों ने 15 वर्ष की जेल की सजा का अनुरोध किया था।

### पाकिस्तान : खैबर पख्तूनख्वा में चेक पोस्ट पर आतंकवादी हमले में 3 पुलिसकर्मी मारे गए

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को एक जांच चौकी पर आतंकवादियों के हमले में तीन पुलिस कर्मियों की मौत हो गई। जिला पुलिस अधिकारी खान जैब ने बताया कि यह हमला हांगू जिले के काजी तालाब पुलिस चेकपोस्ट पर हुआ, जब आतंकवादियों ने पास के पहाड़ से सुरक्षाकर्मियों पर गोलीबारी की। पुलिस ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद भीषण गोलीबारी शुरू हो गई। हालांकि, गोलीबारी में तीन पुलिसकर्मी मारे गए। जैब ने बताया कि हमलावरों की तलाश के लिए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी ने हमले की कड़ी निंदा की और बिना किसी देरी के अतिरिक्त सुरक्षा बलों को घटनास्थल पर भेजने का आदेश दिया।

### नेपाल : जेन-जी और यूएमएल कैडरों में झड़प, एक हफ्ते के अंदर दूसरी बार हिंसा

**धनगढ़ी, एजेंसी।** नेपाल के धनगढ़ी शहर में बुधवार को जेन-जी समूह और केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली पार्टी सीपीएन-यूएमएल के कार्यकर्ताओं के बीच टकराव हो गया। एक सप्ताह के भीतर हिंसा की यह दूसरी घटना है। इस झड़प में प्रदर्शनकारी एक जेन-जी को हल्की चोट आई है। यूएमएल नेता महेश बसनेत के शहर में आने से पहले जेन-जी शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि तनाव तब बढ़ा, जब बाइक पर आए यूएमएल कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शनकारियों पर हमला कर दिया। बसनेत नेशनल यूथ एसोसिएशन नेपाल के एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धनगढ़ी जा रहे थे। कैलाली जिला पुलिस कार्यालय के अनुसार, पिछले सप्ताह बारा जिले में हुई हिंसा को देखते हुए पुलिस ने पहले ही सुरक्षा कड़ी कर दी थी। रविवार को कुछ जेन-जी ने बिराटनगर हवाई अड्डे के पास महेश बसनेत की गाड़ी पर स्याही फेंक दी थी। इससे कुछ ही दिन पहले सिमरा चौक पर यूएमएल महासचिव शंकर पोखरेल और बसनेत को रोकने की कोशिश कर रहे जेन-जी कार्यकर्ताओं और यूएमएल कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प हुई थी, जिसमें छह युवा घायल हो गए थे। इस दौरान पथराव हुआ था। हवाई अड्डे पर तोड़फोड़ के कारण उड़ानों को कई घंटों के लिए रोकना पड़ा था।

### इस्राइल ने लौटाए 15 और फलस्तीनियों के शव, सीजफायर के दूसरे चरण पर चर्चा के लिए मिले तीन देशों के अधिकारी

**तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइल ने पंद्रह और फलस्तीनियों के शव सौंप दिए हैं। संघर्षविराम समझौते का पहला चरण खत्म होने के करीब है और अधिकारी दूसरे चरण पर चर्चा करने के लिए एकत्र हुए हैं। गाजा में अस्पताल के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह घटनाक्रम उस समय हुआ है, जब फलस्तीनी लड़ाकों ने इस्राइली बंधक ड्रोर ओर के अवशेष लौटाए हैं। इस्राइली सेना का कहना है कि हमास के सात अक्तूबर 2023 के हमले में उनकी मौत हो गई थी। समझौते के तहत इस्राइल हर एक बंधक के बदले 15 फलस्तीनी शव लौटाने के लिए तैयार हुआ है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, ताजा आदान-प्रदान के बाद इस्राइल अब तक कुल 345 फलस्तीनी शव गाजा वापस भेज चुका है। ये आदान-प्रदान पिछले महीने शुरू हुए थे। गाजा में अभी भी दो लोग हमास की कैद में हैं। इनमें एक इस्राइली और एक थाई नागरिक है। तुर्किये, कतर और मिस्र के अधिकारियों ने बुधवार को काहिरा में मुलाकात की, ताकि संघर्षविराम के दूसरे चरण पर बात की जा सके। दोनों पक्षों की ओर से एक दूसरे पर संघर्षविराम के उल्लंघन के आरोप लगाए जा रहे हैं। इसके बावजूद यह संघर्षविराम अब तक बना हुआ है। समझौते के अगले चरणों में एक अंतरराष्ट्रीय बल को तैनात करना और गाजा के लिए एक अंतरराष्ट्रीय प्रशासनिक ढांचा बनाना शामिल है, जो पुनर्निर्माण कार्य की निगरानी भी करेगा। सशस्त्र अंतरराष्ट्रीय स्थिरीकरण बल का काम सुरक्षा बनाए रखना और हमास का निरस्त्रीकरण सुनिश्चित करना होगा। यह इस्राइल की मुख्य मांग है।

---

व्हाइट हाउस के पास फायरिंग, 2 नेशनल गार्ड्स गंभीर घायल

# अफगानिस्तानी हमलावर गिरफ्तार, ट्रम्प ने यहां के शरणार्थियों के आने पर रोक लगाई

**वाशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका में बुधवार शाम व्हाइट हाउस से दो ब्लॉक दूर हुई फायरिंग में नेशनल गार्ड्स के दो मेंबर्स गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मामले में एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। एफबीआई अधिकारियों के मुताबिक, हमले में शामिल संदिग्ध की पहचान रहमानुल्लाह लाकनवाल के तौर पर हुई है। वो अगस्त 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिका आया था। उसने 2024 में शरणार्थी के दर्जे के लिए अप्लाई किया था और उसे इसी साल मंजूरी मिली थी। हमला फैरागट वेस्ट मेट्रो स्टेशन के पास हुआ, जहां लाकनवाल कुछ समय तक इंतजार करता रहा और फिर अचानक 2:15 बजे के आसपास उसने गोलीबारी शुरू कर दी। न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक, उसने पहले एक महिला गार्ड को सीने में गोली मारी और फिर सिर में। इसके बाद उसने दूसरे गार्ड पर फायर किया। उसी समय पास ही मौजूद तीसरे गार्ड ने दौड़कर हमलावर को काबू कर लिया। गिरफ्तार होने से पहले लाकनवाल को चार गोलियां लगीं और उसे लगभग बिना कपड़ों के एम्बुलेंस में ले जाया गया।



**ट्रम्प बोले- यह मानवता के खिलाफ अपराध है :** अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट इस मामले को आतंकवादी हमले के तौर पर जांच रहा है। हमले के बाद राष्ट्रपति ट्रम्प ने पेंटागन को निर्देश दिया कि वॉशिंगटन डीसी में सुरक्षा बढ़ाने के लिए 500 एक्स्ट्रा नेशनल गार्ड्स भेजे जाएं। ट्रम्प ने कहा कि आरोपी इसकी भारी कीमत चुकाएगा। एपी की खबर के मुताबिक एक अधिकारी ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि एक गार्ड को सिर में गोली लगी है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने संदिग्ध को जानवर कहा है। उन्होंने कहा कि वो इसकी बहुत भारी कीमत चुकाएगा।

ट्रम्प ने ट्रुथ पर लिखा- हमारी महान नेशनल गार्ड और सुरक्षा बलों पर गर्व है। मैं और मेरी पूरी टीम उनके साथ है। यह पूरे राष्ट्र के खिलाफ अपराध है। यह मानवता के खिलाफ अपराध है।

**अभी तक आरोपी का मकसद साफ नहीं :** रिपोर्ट के मुताबिक, लाकनवाल ऑपरेशन एलाइज वेलकम प्रोग्राम के तहत अमेरिका में आया था। उसे वॉशिंगटन के बेलिंगहैम बसाया गया था। पुलिस का कहना है कि लखनवाल ने अकेले ही यह हमला किया और अब तक इसका मकसद साफ नहीं है। एनबीसी और वॉशिंगटन पोस्ट का कहना है कि स्न्नब्ह्र इस मामले को आतंकी हमले के रूप में जांच कर रही है। ट्रम्प ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन पर की आलोचना करते हुए दावा किया कि संदिग्ध को बाइडेन प्रशासन के समय अमेरिका लाया गया था।

**क्या था मकसद :** राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास के सामने हुई इस गोलीबारी को लेकर डीसी के मेयर म्यूरिल बाउजर ने जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी ने यह टार्गेटेड अटैक किया था। घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों के मुताबिक आरोपी वहां ऐसे ही टहलते हुए आकर एक मोड़ पर रुका और उसने हैंडगन निकालर फायरिंग करनी शुरू कर दी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फायरिंग का शिकार दोनों नेशनल गार्ड्स सदस्यों के सिर में गोली लगी है, जिससे उनकी हालत गंभीर है। इस गोलीबारी के बाद आसपास मौजूद अन्य सदस्यों ने तुरंत ही वहां आकर हालात को काबू में किया। एफबीआई प्रमुख काश पटेल ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी ली। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आरोपी को हिरासत में लिया गया है। मामले की जांच जारी है। उसका क्या मकसद था इसके बारे में फिलहाल जांच के बाद ही पता चलेगा।

**अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों संग किया काम :** एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, इस मामले की जानकारी रखने वाले दो कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने बताया कि रहमानुल्लाह पिछले काफी समय से वाशिंगटन में ही रह रहा है, लेकिन अभी उसकी और जानकारी निकाली जा रही है। एनबीसी ने रहमानुल्लाह के एक करीबी रिश्तेदार के हवाले से बताया कि रहमानुल्लाह और उसकी पत्नी के कुल पांच लड़के हैं। 2021 में अमेरिका आने से पहले वह अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों के साथ काम करता था। लकनवाल ने 10 साल तक अफगान सेना में काम किया। उस दौरान वह कंधार के एक अड्डे पर तैनात रहा।

---

# एक और अफ्रीकी देश में तख्तापलट, सेना ने कब्जाया राष्ट्रपति भवन

**बिसाऊ, एजेंसी।** पश्चिम अफ्रीकी देश गिनी बिसाऊ में सैन्य तख्तापलट हो गया है। सैनिकों ने राष्ट्रीय टीवी पर आकर बताया कि उन्होंने सत्ता पर कब्जा कर लिया है। इससे पहले राष्ट्रपति भवन में गोलियां चलने की आवाज सुनाई दी थी। गिनी बिसाऊ में सैन्य तख्तापलट ऐसे समय हुआ है, जब तीन दिन पहले ही वहां आम चुनाव हुए। गिनी बिसाऊ के राष्ट्रपति ने भी फ्रांसीसी मीडिया से बताया कि उन्हें पद से हटा दिया गया है और गिरफ्तार कर लिया गया है।

**सेना ने राष्ट्रीय टीवी पर जारी किया बयान :** गिनी बिसाऊ की सेना के प्रवक्ता डिनीस एन चामा ने एक बयान जारी कर बताया कि 'सैन्य कमांड ने राष्ट्रपति को पद से हटा दिया है। नए आदेश तक सभी लोकतांत्रिक संस्थान भी बर्खास्त रहेंगे।' सेना के प्रवक्ता ने बताया कि देश को अस्थिर करने की साजिश रची जा रही थी और चुनाव में भी धांधली की गई थी। उन्होंने कहा कि कुछ राष्ट्रीय नेता, ड्रग माफिया और कुछ विदेशी नागरिकों के साथ मिलकर साजिश रच रहे थे। हालांकि सैन्य प्रवक्ता ने ज्यादा जानकारी नहीं दी। सेना द्वारा गिनी बिसाऊ के सभी बॉर्डर सील कर दिए गए हैं और मीडिया संस्थानों की गतिविधियों को भी सीमित कर दिया गया है।

**गिनी बिसाऊ में तख्तापलट का लंबा इतिहास :** पश्चिमी अफ्रीकी देश गिनी बिसाऊ में इससे पहले भी चार बार तख्तापलट हो चुका है और कई बार तख्तापलट की



कोशिश हो चुकी है। बीते महीने भी तख्तापलट की कोशिश की गई थी। गिनी बिसाऊ ड्रग तस्करी का भी गढ़ बनकर उभरा है और यहां से बड़े पैमाने पर दक्षिण अमेरिकी और यूरोपीय देशों में ड्रग तस्करी की जाती है। गिनी बिसाऊ में रविवार को हुए चुनाव का अभी तक नतीजा जारी नहीं हुआ है, लेकिन राष्ट्रपति उमारो सिसोको एंबोलो और विपक्षी नेता फर्नांडो डियास डा कोस्टा दोनों ने ही जीत का दावा किया है।

**कैसे हुआ तख्तापलट :** बुधवार दोपहर में राष्ट्रपति भवन के पास गोलीबारी की आवाजें सुनाईं दीं। मीडिया ने बताया कि राष्ट्रपति भवन जाने वाली सभी सड़कों को ब्लॉक कर दिया गया था और जगह-जगह हथियारबंद सेना के जवान तैनात थे। राष्ट्रपति भवन के अधिकारियों ने बताया कि हथियारबंद सेना के जवानों ने राष्ट्रपति भवन पर हमला किया और इस दौरान सेना के जवानों और राष्ट्रपति भवन के गार्ड्स के बीच गोलीबारी हुई। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य निर्वाचन अधिकारियों को गिरफ्तार कर चुनाव आयोग के कार्यालय को सील कर दिया गया है। पश्चिम अफ्रीकी देशों में साल 2020 से कई तख्तापलट हो चुके हैं।

---

# बांग्लादेश में झुग्गी-बस्ती में लगी आग से जलीं 1500 से ज्यादा झोपड़ियां, हजारों लोग बेघर हुए

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में स्थित भीड़भाड़ वाले कोरेल झुग्गी-बस्ती में लगी भीषण आग ने करीब 1,500 झोपड़ियों को जला दिया या नुकसान पहुंचाया। इसके चलते यहां रहने वाले हजारों लोग बेघर हो गए। हालांकि, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

अधिकारियों के मुताबिक, आग मंगलवार शाम को लगी और लगभग 16 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बुधवार को बुझाई जा सकी। अग्निशमन सेवा के ड्यूटी अधिकारी राशिद बिन खालिद ने बताया कि आग को पूरी तरह नियंत्रित करने में काफी समय लग गया। दमकल सेवा के निदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल मोहम्मद ताजुल इस्लाम चौधरी ने कहा कि करीब 1,500 झोपड़ियां जलकर राख हो गईं या गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुईं, जिससे बड़ी संख्या में लोग बेघर हो गए।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, कोरेल स्लम में करीब 60,000 परिवार रहते हैं, जिनमें से कई जलवायु परिवर्तन से प्रभावित होकर आए शरणार्थी हैं। 160 एकड़ (65 हेक्टेयर) में फैला यह बस्ती ढाका के पॉश गुलशन और बनानी क्षेत्रों के बीच स्थित है और इसके चारों ओर ऊंची-ऊंची इमारतें हैं।

बताया जाता है कि आग लगने के बाद बस्ती में भारी धुआं फैल गया और निवासी रातभर अपनी झोपड़ियों को आग की लपटों में घिरते देखते रहे। बुधवार को लोग मलबे से अपनी बची-कुची चीजें निकालने की कोशिश करते दिखे। दमकलकर्मियों ने बताया कि बेहद संकरी गलियां होने के कारण मौके तक पहुंचना उनके लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रहा।

ढाका, जिसकी आबादी 2024 तक लगभग 1.02 करोड़ है, में सैकड़ों झुग्गी बस्तियां हैं, जहां ग्रामीण क्षेत्रों से गरीबी और शोषण के कारण लोग आकर बसते हैं। जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न आपदाएं भी लोगों को शहर की इन बस्तियों में रहने को मजबूर करती हैं, जहां वे रिक्शा चलाने, घरेलू कामकाज और सफाई कार्य जैसे दिहाड़ी कार्यों से गुजारा करते हैं।

---

# जर्मनी बोला- रूस जंग खत्म करने को तैयार नहीं

## देश का रक्षा बजट बढ़ाने का ऐलान; 2029 तक नाटो पर हमला कर सकते हैं पुतिन

**बर्लिन, एजेंसी।** जर्मनी ने रूस पर आरोप लगाया है कि वह यूक्रेन जंग खत्म करने के लिए किसी तरह का समझौता करने को तैयार नहीं दिख रहा है। बुधवार को जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने संसद में कहा कि रूस ने यूक्रेन के लिए तैयार की गई नई शांति योजना पर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी है। उन्होंने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बयानों में शांति की कोई इच्छा नहीं दिखती। बोरिस ने कहा, पुतिन की प्रतिक्रिया से साफ है कि वह किसी तरह का समझौता नहीं करना चाहते। बोरिस ने बताया कि इसी वजह से जर्मनी अपने रक्षा बजट में बढ़ोतरी करेगा। साथ ही यूक्रेन को सैन्य मदद भी बढ़ाएगा।



**2029 तक नाटो पर हमला कर सकता है रूस :** जर्मनी के विदेश मंत्री योहान वेडफुल ने मंगलवार चेतावनी दी है कि रूस अगले चार साल में किसी ह्वञ्जह्र देश पर हमला कर सकता है। उन्होंने यह बात बर्लिन फॉरेन पॉलिसी फोरम में कही। वेडफुल ने बताया कि जर्मन खुफिया एजेंसियों के मुताबिक रूस 2029 तक नाटो के खिलाफ युद्ध की तैयारी कर रहा है। उनका कहना है कि रूस की महत्वाकांक्षा सिर्फ यूक्रेन तक सीमित नहीं है। उसने पिछले कुछ सालों में अपनी सैन्य ताकत और हथियार उत्पादन काफी बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि रूस ने अपनी अर्थव्यवस्था और समाज को काफी हद तक युद्ध के हिसाब से ढाल दिया है। साथ ही, रूस जरूरत से ज्यादा सैनिकों की भर्ती कर रहा है। लगभग हर महीने एक नई डिविजन तैयार की जा रही है।

**नाटो चीफ बोले- रूस शांति समझौते के बाद भी खतरा :** नाटो महासचिव मार्क रुटे ने कहा है कि यूक्रेन युद्ध में अगर शांति समझौता भी हो जाए, तब भी रूस यूरोप के लिए लंबे समय तक खतरा बना रहेगा। उन्होंने यह बयान ब्रसेल्स में स्पेनिश अखबार एल पाइस को दिए इंटरव्यू में दिया।

रुटे ने यह भी कहा कि यूरोप का कोई भी देश यह न सोचे कि वह सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि रूसी मिसाइलें कुछ ही मिनटों में किसी भी यूरोपीय शहर तक पहुंच सकती हैं। रुटे ने यूक्रेन मुद्दे पर ट्रम्प की कूटनीतिक कोशिशों की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि नया शांति प्रस्ताव आगे बातचीत की अच्छी शुरुआत है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प ने नाटो देशों पर रक्षा खर्च बढ़ाने के लिए जो दबाव बनाया, वह बिल्कुल जरूरी था। उन्होंने नाटो के सदस्य देश स्पेन को आने वाले समय में अपना रक्षा बजट को बढ़ाने की भी सलाह दी।

---

# दक्षिण कोरिया ने नूरी रॉकेट से सबसे बड़ा सैटेलाइट किया लॉन्च, स्पेस मिशन में मिली बड़ी कामयाबी

**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया ने अपने महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष कार्यक्रम के तहत गुरुवार तड़के अपना अब तक का सबसे बड़ा सैटेलाइट नूरी रॉकेट से लॉन्च किया। यह प्रक्षेपण देश के लिए बेहद अहम माना जा रहा है क्योंकि 2027 तक छह मिशन पूरे करने की राष्ट्रीय योजना में यह चौथा लॉन्च है। इस मिशन ने दक्षिण कोरिया की अंतरिक्ष तकनीक में बढ़ती क्षमता को एक बार फिर उजागर किया है। तीन चरणों वाला नूरी रॉकेट दक्षिण-पश्चिमी तट पर स्थित गोहुड के अंतरिक्ष केंद्र से सुबह उड़ान भरा। एयरोस्पेस अधिकारियों के अनुसार, रॉकेट का उद्देश्य 516 किलोग्राम वजनी विज्ञान सैटेलाइट समेत 12 माइक्रो-सैटेलाइट्स को कक्षा में स्थापित करना है। लॉन्च के बाद अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं कि सभी सैटेलाइट्स सही ऊंचाई पर पहुंचते हैं या नहीं।

**मुख्य सैटेलाइट की विशेषताएं :** इस मिशन में भेजा गया मुख्य सैटेलाइट पृथ्वी से 600 किलोमीटर ऊपर की कक्षा में घूमने के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें एक वाइड-रेंज एयरग्लो कैमरा लगाया गया है, जो ऑरोरा जैसी गतिविधियों का अध्ययन करेगा। इसके अलावा इसमें प्लाज्मा और चुंबकीय क्षेत्रों की जांच करने वाली अलग-अलग प्रणालियां भी शामिल हैं। सैटेलाइट पर जीवन-विज्ञान से जुड़े प्रयोगों को अंतरिक्ष में परखने का एक विशेष सिस्टम भी लगाया गया है।

**12 छोटे 'क्यूब' सैटेलाइट्स भी भेजे गए :** इस मिशन की एक और खास बात यह रही कि विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों द्वारा तैयार 12 छोटे क्यूब सैटेलाइट्स भी रॉकेट में शामिल थे। इनमें लगाई गई तकनीकों में जीपीएस आधारित पृथ्वी के वायुमंडल का अध्ययन, समुद्री प्लास्टिक पर नजर रखने के लिए इन्फ्रारेड कैमरे, सौर सेल परीक्षण सिस्टम और कम्युनिकेशन इक्विपमेंट की परख करने वाली इकाइयां शामिल हैं।

**पिछले लॉन्च की तुलना में बड़ा कदम :** यह प्रक्षेपण नूरी रॉकेट का मई 2023 के बाद पहला लॉन्च है। इससे पहले 2023 में नूरी रॉकेट ने 180 किलोग्राम वजनी अवलोकन सैटेलाइट को सफलतापूर्वक कक्षा में पहुंचाया था। नूरी का पहला लॉन्च अक्टूबर 2021 में किया गया था, जो डमी सैटेलाइट को कक्षा में स्थापित करने में असफल रहा था। इसलिए इस चौथे प्रयास को दक्षिण कोरिया की अंतरिक्ष तकनीक में स्थिरता और सुधार का महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है। इस मिशन की सफलता से दक्षिण कोरिया की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षा को नई ऊर्जा मिली है। नूरी कार्यक्रम के तहत किए जाने वाले अगले दो मिशन 2027 तक पूरे किए जाएंगे, जिनमें और उन्नत तकनीकों का इस्तेमाल किया जाएगा।

---

# ट्रंप ने वार्षिक थैंक्सगिविंग में टर्की पक्षी को माफ किया, डेमोक्रेट नेताओं पर किए कटाक्ष



**वाशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस के रोज गार्डन में थैंक्सगिविंग समारोह में टर्की पक्षी को औपचारिक माफी देकर व्हाइट हाउस की पारंपरिक रस्म में सद्भावना के बजाय डेमोक्रेट्स का अपमान किया। उन्होंने टर्की को अल साल्वाडोर की एक बदनाम जेल में भेजने का मजाक उड़ाया, जिसका इस्तेमाल अमेरिका से निकाले गए शरणार्थियों को रखने के लिए किया जाता है। वह बोले, पक्षियों का नाम डेमोक्रेटिक दिग्गज चक शूमर और नैंसी पेलोसी के नाम पर चक और नैंसी होना चाहिए। ट्रंप ने कहा, मैं उन्हें (डेमोक्रेट्स को) माफ नहीं करूंगा। ट्रंप ने दावा किया कि गत वर्ष राष्ट्रपति जो बाइडन की ओर से टर्की को दी गई माफी अमान्य थी क्योंकि उन्होंने ऑटोपेन का इस्तेमाल किया था। उन्होंने कहा, हंटर (बाइडन) कहां है? इसके साथ ही उन्होंने इशारा दिया कि पूर्व राष्ट्रपति के बेटे को एक बार फिर कानूनी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। बाइडन ने अपने कार्यकाल के अंत में हंटर बाइडन को माफी देने के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए थे। ट्रंप ने यह सब मजाक तब शुरू किया जब उन्होंने इलिनोइस के गवर्नर और डेमोक्रेट नेता जेबी प्रिट्जकर पर अपना ध्यान केंद्रित किया। वह शिकागो में नेशनल गार्ड तैनाती संबंधी व्हाइट हाउस की योजनाओं का विरोध कर रहे हैं।

**मजाक: गोबल, तुम्हें बिना शर्त माफ किया जाता है :** रोज गार्डन में बैठे श्रोता हंसी-ठिठोली भी करते देखे गए। आखिरकार ट्रंप ने टर्की गोबल और वैडल को माफ किया। ट्रंप ने कहा- गोबल, मैं तुम्हें बस यह बताना चाहता हूं कि तुम्हें बिना शर्त के माफ किया जाता है। उन्होंने पंखों पर हाथ फेरते हुए कहा, इस खूबसूरत पक्षी को कौन नुकसान पहुंचाना चाहेगा? वैडल को पहले व्हाइट हाउस के ब्रीफिंग रूम में देखा गया था। अमेरिका में हर थैंक्सगिविंग डे पर लोग करीब 4.6 करोड़ टर्की पक्षियों को अपना भोजन बना लेते हैं। यह पक्षी अमेरिकी जनता का नियमित भोजन है। हालांकि परंपरा के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति थैंक्सगिविंग डे पर हर साल दो टर्की को क्षमादान देते हैं। ट्रंप ने भी इसी परंपरा का पालन किया। ट्रंप ने कहा कि उनके नेतृत्व में थैंक्सगिविंग खाने की कीमतें कम हो रही हैं। बता दें, वाशिंगटन में, ट्रंप को अगले साल होने वाले मध्यावधि चुनावों से पूर्व रिपब्लिकन गठबंधन के टूटने की आशंका का सामना करना पड़ रहा है।

---

# व्हाइट हाउस प्रेस सेक्रेटरी की रिश्तेदार हिरासत में, ब्राजील डिपोर्ट किया जा सकता है

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की इमिग्रेशन एजेंसी आईसीई ने व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलीन लेविट के भतीजे की मां, ब्रूना कैरोलाइन फेरेरा को गिरफ्तार किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें जल्द ही ब्राजील वापस भेजा जा सकता है।

यह मामला तब सामने आया जब आईसीई अधिकारियों ने उन्हें मैसाचुसेट्स से पकड़कर लुइसियाना की एक डिटेंशन सेंटर में भेज दिया। अमेरिकी डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी का कहना है कि ब्रूना एक टूरिस्ट वीजा पर अमेरिका आई थीं, लेकिन उनका वीजा 1999 में खत्म हो गया था। उनका आरोप है कि ब्रूना ने वीजा की टाइम लिमिट पार कर दी और उन पर हमले के शक में कार्रवाई की गई है।

ब्रूना के वकील टॉड पोमरलीउ इन बातों से पूरी तरह सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि ब्रूना पर कोई आपराधिक मामला नहीं है। वे डीएसीए नाम के उस सरकारी प्रोग्राम के तहत कानूनी तौर पर अमेरिका में रह रही थीं, जो बच्चों के तौर पर आए लोगों को सुरक्षा देता है। वकील का यह भी कहना है कि ब्रूना ग्रीन कार्ड लेने की प्रोसेस में थीं और उन्हें अचानक गिरफ्तार कर लेने से उनका छोटा बच्चा भी उनसे अलग हो गया। ब्रूना के 11 साल के बेटे की परवरिश उसके पिता माइकल लेविट कर रहे हैं, जो कैरोलीन लेविट के भाई हैं। माइकल ने कहा कि उनकी सबसे बड़ी चिंता उनके बेटे की सुरक्षा और उसकी प्राइवेसी है। ट्रम्प प्रशासन ने इस साल से इमिग्रेशन कानूनों को बेहद सख्ती से लागू करना शुरू किया है। सरकार का कहना है कि जो भी लोग अमेरिका में बिना इजाजत के रह रहे हैं, उन्हें देश से निकाला जा सकता है।

**1998 में आई थीं अमेरिका, अब हटाए जाने की कार्यवाही जारी :** ब्रूना फरेइरा को 1998 में बचपन में ही अमेरिका लाया गया था। डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी के प्रवक्ता के मुताबिक, उन्होंने




1999 में अपने टूरिस्ट वीजा अवधि से ज्यादा ठहराव किया था और उन पर हमला करने का भी एक मामला दर्ज हुआ था। ष्ठ॥स् का कहना है कि इन्हीं आधारों पर वर्तमान में उन्हें निष्कासन की प्रक्रिया में रखा गया है।

बता दें कि डीएसीए यानी 'बचपन में आगमन के लिए विलंबित कार्रवाई' एक अमेरिकी आव्रजन नीति है जो 15 जून, 2012 तक कम से कम पांच साल के लिए बचपन में अमेरिका लाए गए कुछ अपात्र अप्रवासियों को निर्वासन से अस्थायी सुरक्षा और काम करने की अनुमति देती है। यह कार्यक्रम दो साल के लिए वैध होता है और इसे रिन्यू किया जा सकता है।

**वकील का दावा:** ट्रंप प्रशासन की वजह से डीएसीए नवीनीकरण में बाधा उनके वकील पोमेरलो का कहना है कि फरेइरा पहले डीएसीए लाभार्थी थीं, लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कार्यक्रम समाप्त करने की कोशिश के कारण उनका नवीनीकरण रुक गया। वकील के अनुसार, फरेइरा फिलहाल अपने लिए अमेरिकी नागरिकता प्राप्त करने की वैध प्रक्रिया में थीं।

**परिवारिक पृष्ठभूमि: लेविट परिवार से पुराना संबंध :** सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, फरेइरा ट्रंप की प्रेस सेक्रेटरी करोलिन लेविट के भाई माइकल लेविट की पूर्व मंगेतर हैं। दोनों का एक 11 वर्षीय बेटा है, जो वर्तमान में अपने पिता के साथ न्यू हैम्पशायर में रहता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि करोलिन लेविट और फरेइरा कई वर्षों से आपस में संपर्क में नहीं हैं। फरेइरा को उस समय हिरासत में लिया गया जब वह अपने बेटे को लेने न्यू हैम्पशायर जा रही थीं। माइकल लेविट ने सीएनएन की सहयोगी संस्था डब्लयूएमयूआरसे कहा कि उनके बेटे ने मां से गिरफ्तारी के बाद बात नहीं की है और यह स्थिति बहुत कठिन है। उन्होंने कहा कि उनका प्राथमिक ध्यान उनके बच्चे की भलाई पर है।

**डीएसीए सुरक्षा पर सरकार का रुख :** हाल ही में होमलैंड सिक्योरिटी की सहायक सचिव ट्रिशा मैकलॉफलिन ने दोहराया कि डीएसीए लाभार्थियों को निर्वासन से पूर्ण सुरक्षा प्राप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि डीएसीए स्थायी कानूनी स्थिति नहीं देती बल्कि यह सिर्फ अस्थायी राहत है और इस दौरान भी प्रवर्तन की कार्रवाई संभव है।

# आरसीबी के बाद एक और आईपीएल फ्रेंचाइजी बिकने के लिए तैयार, वैल्यूएशन में उछाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग अपने इतिहास के सबसे बड़े ओनरशिप बदलाव का गवाह बन सकता है। लीग में शुक्रवार को उस समय खलबली मच गई, जब जाने-माने इंडस्ट्रियलिस्ट हर्ष गोयनका ने ङ्ग (पूर्व में ट्विटर) पर दावा किया कि दो लोकप्रिय फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) और राजस्थान रॉयल्स (RR) बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। हालांकि इन दावों पर आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इस खबर ने क्रिकेट जगत और निवेशकों के बीच बड़ी चर्चा छेड़ दी है। माना जा रहा है कि टीम मालिक मौजूदा ऊंची वैल्यूएशन का फायदा उठाते हुए फ्रेंचाइज़ी बेचने पर विचार कर रहे हैं।




### हर्ष गोयनका के दावे से तेज हुई अटकलें

हर्ष गोयनका ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि न सिर्फ एक, बल्कि दो IPL टीमें खरीददार तलाश रही हैं। उन्होंने संभावित नए मालिकों के तौर पर पुणे, अहमदाबाद, मुंबई, बेंगलुरु और USA के ग्रुपों के शामिल होने की संभावना जताई। इस बयान ने आग में घी का काम किया और IPL की ओनरशिप स्ट्रक्चर पर बड़े सवाल खड़े कर दिए।

### राजस्थान रॉयल्स: क्या वाकई बिक्री की तैयारी में है फ्रेंचाइज़ी?

RR को लेकर स्थिति अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। राजस्थान रॉयल्स की ओनरशिप रॉयल मल्टीस्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के पास है। इसके मेजॉरिटी शेयरहोल्डर मनोज बडाले हैं, जिन्हें रेडबर्ड कैपिटल पार्टनर्स का मजबूत समर्थन प्राप्त है। ना फ्रैंचाइजी और ना ही ओनरशिप ग्रुप ने बिक्री पर कोई बयान जारी किया है। यानी RCB के विपरीत राजस्थान के मामले में दावे अब भी अफवाहों के दायरे में हैं। इसके बावजूद गोयनका के पोस्ट के बाद चर्चाएं काफी बढ़ गई हैं।

### RCB: सबसे पारदर्शी और पक्की बिक्री प्रक्रिया

RCB के मामले में तस्वीर काफी साफ है। टीम की पेरेंट कंपनी यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड (स्रु) ने 5 नवंबर 2025 को टीम पर अपने निवेश का स्ट्रेटेजिक रिव्यू घोषित किया। यह रिव्यू 31 मार्च 2026 तक पूरा होगा और इसमें तीन संभावनाएं हैं, टीम की पूरी बिक्री, आंशिक हिस्सेदारी बेचना और फ्रेंचाइजी का पूरा स्ट्रक्चर बदलना। रिपोर्ट्स के अनुसार, टीम मालिक डियाजियो RCB की वैल्यूएशन स्ष्ठ 2 बिलियन (लगभग रू.17,000-18,000 करोड़) के करीब आंक रहे हैं। अगर यह डील फाइनल होती है, तो RCB दुनिया की सबसे महंगी स्पोर्ट्स फ्रेंचाइजी में शामिल हो जाएगी।

### नए खरीददार कौन हो सकते हैं?

नए ओनर के संभावित नामों में कई हाई-प्रोफाइल इंडस्ट्री लीडर्स दिखाई दे रहे हैं। चर्चित नामों में अदार पूनावाला भी शामिल हैं, जिनकी रुचि इस बिक्री में बताई जा रही है। कई अन्य ग्लोबल इन्वेस्टमेंट फर्म्स भी इस रेस में उतर सकती हैं। एनालिस्ट्स की राय में RCB की बिक्री 2026 IPL सीजन से पहले भी पूरी हो सकती है।

### IPL पर पड़ सकता है बड़ा असर

अगर RCB और RR दोनों टीमों का मालिकाना हक बदलता है, तो IPL के इकोसिस्टम में बड़े बदलाव संभव हैं। नए मालिक फ्रेंचाइजी में ताज़ा निवेश ला सकते हैं। टीम मैनेजमेंट, रणनीतियों और खिलाड़ी खरीद के तरीके में बदलाव दिख सकता है। ब्रांड आइडेंटिटी और फैन कनेक्ट पर भी प्रभाव पड़ सकता है, खासकर RCB जैसी लोकप्रिय टीम में। इन संभावित बदलावों के कारण IPL का अगला चरण नए बिजनेस मॉडल, नई रणनीतियों और नई प्रतिस्पर्धा के साथ और भी रोमांचक हो सकता है।

# विराट और रोहित को धोनी ने डिनर पर बुलाया, अपनी कार में होटल तक छोड़ा



**रांची (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार 30 नवंबर को होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के पहले मैच के लिए रांची पहुंच गये हैं। रांची भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी का गृहनगर है। ऐसे में उन्होंने विराट और ऋषभ के लिए अपने घर पर एक पार्टी रखी। ऐसें में ये तीन दिग्गज डिनर पार्टी में एकसाथ नजर आये। धोनी इसके बाद रोहित और विराट को स्वयं अपनी कार में होटल तक छोड़ने पहुंचे। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है और प्रशंसकों ने इसको काफी पसंद किया है। इस याराने को खूब पसंद कर रहे हैं।

गौरतब है कि विराट ने अपने करियर की शुरुआत धोनी की कप्तानी में खेलकर ही की थी। धोनी के कार्यकाल के दौरान विराट कप्तान के तौर पर तैयार हुए थे। धोनी के कप्तानी छोड़ने के बाद विराट ने ही हर प्रारुप में टीम की कप्तानी संभाली थी। इससे भारतीय क्रिकेट शीर्ष स्तर पर पहुंचा। धोनी ने आज से पांच साल पहले 15 अगस्त 2020 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। वहीं विराट कोहली ने टेस्ट और टी20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया है पर वह एकदिवसीय क्रिकेट खेल रे हैं। विराट कोहली बुधवार को ही लंदन से रांची पहुंचे थे और इसके अगले दूसरे ही दिन यानी वह धोनी से मिलने उनके घर पहुंच। लंबे समय बाद इन तीनो को देखकर प्रशंसक भी उत्साहित हैं।

# 2027 विश्वकप तक कोच बने रहेंगे गंभीर : बीसीसीआई

BCCI

**मुम्बई (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारतीय क्रिकेट टीम की करारी हार के बाद जहां प्रशंसकों और कई पूर्व क्रिकेटरों ने मुख्य कोच गौतम गंभीर को हटाने की मांग की है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीसी) ने ऐसी किसी भी संभावना से इंकार करते हुए गंभीर पर भरोसा बनाये रखा है। बीसीसीआई के अनुसार अभी टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है और ऐसे में उन्हें अपने काम को करने दिया जाएगा।

गंभीर 2027 विश्वकप तक टीम के साथ बने रहेंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के दौरान पिच, अंतिम ग्यारह और खिलाड़ियों के बल्लेबाजी क्रम को को लेकर भी गंभीर की रणनीति पर सवाल उठे हैं। गंभीर की ही कोचिंग में भारतीय टीम को न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सभी मैचों में हार का सामना करना पड़ा है।

रिपोर्ट के अनुसार अभी वह तीनों ही प्रारुपों में मुख्य कोच बने रहेंगे।

बीसीसीआई ने गंभीर को तीन साल के लिए भारतीय टीम का मुख्य कोच बनाया है। उनका कार्यकाल 2027 विश्व कप तक चलेगा। गंभीर के मार्गदर्शन में भले ही भारतीय टीम का टेस्ट रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। मगर उनकी कोचिंग में ही टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप जीत है।माना जा रहा है कि गंभीर के कोच रहते ही टीम टी20 में आक्रामक होकर उभरी है जिससे उसका प्रदर्शन बेहतर हुआ है। रिपोर्ट में ये बातें भी सामने आई है कि गंभीर से होने वाली बैठक में टीम के प्रदर्शन को सुधारने को लेकर बात की जाएगी और जरूरी फैसले भी लिए जाएंगे।

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : सुपर ओवर में हरियाणा ने पंजाब को हराया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कप्तान अंकित कुमार और निशांत सिंधु के अच्छे प्रदर्शन से हरियाणा ने शुक्रवार को हुए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 के एलीट ग्रुप सी क्रिकेट मुकाबले में पंजाब को सुपर ओवर में हरा दिया। जिमखाना क्रिकेट मैदान में खेले गए इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हरियाणा की टीम ने 20 ओवरों में 9 विकेट पर 207 रन बनाए। शुरुआती विकेट गिरने के बाद अंकित ने निशांत के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 34 गेंदों में 74 रन बनाकर टीम को बेहतर स्थिति में पहुंचा दिया। अंकित ने 26 गेंदों में 4 छक्कों और 5 चौकों के साथ 51 रन बनाये।

वहीं निशांत संधु ने यशवर्धन दलाल के साथ तीसरे विकेट के लिए 31 गेंदों में 62 रन बनाकर टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। निशांत ने 33 गेंदों में 3 छक्कों और 8 चौकों के साथ 61 रन बनाये। यशवर्धन दलाल ने 27, जबकि सुमित कुमार ने 28 रन बनाये।

वहीं पंजाब की ओर से अश्विनी कुमार ने ने 3 विकेट जबकि अभिषेक शर्मा, रमनदीप सिंह, हरप्रीत बरार और मयंक मार्कंडेय ने 1-1 विकेट लिया।

इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की टीम ने 20 ओवरों में ही 7 विकेट पर 207 रन बना दिये। शुरुआत में ही सलामी बल्लेबाजों के विकेट खोने के बाद साहिल अरोड़ा ने अनमोलप्रीत सिंह के साथ तीसरे विकेट के लिए 68 रन बनाकर पारी को संभाला। साहिल ने 18 गेंदों में 11 रन बनाये

नवल वढेरा ने अनमोलप्रीत सिंह के साथ चौथे विकेट के लिए 49 रन बनाकर टीम को 145 के स्कोर तक पहुंचाया। अनमोलप्रीत ने 37 गेंदों में 5 छक्कों और 8 चौकों के साथ सबसे अधिक 81 रन बनाये। इनके अलावा, सनवीर सिंह ने 16 गेंदों में नाबाद 30 रन बनाए और टीम को और टीम को 207 रनों पर पहुंचा दिया और मैच बराबरी पर आया गया।

हरियाणा की ओर से अंशुल कंबाज, युजवेंद्र चहल और सामंत जाखड़ ने 2-2 विकेट लिए।।

इसके बाद सुपर ओवर में विजेता का फैसला हुआ। यहां पंजाब ने 3 गेंदों में दो विकेट खोकर एक रन बनाया। वहीं हरियाणा की टीम ने पहली गेंद पर ही चौके लगाकर मैच जीत लिया।

# क्या दूसरी शादी करने जा रहे चहल ?

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे स्पिनर युजवेंद्र चहल लगता है दूसरी शादी करने जा रहे हैं। इसका अंदाजा चहल की उसे पोस्ट से लगता है जिसमें उन्होंने कहा है कि वह शादी के लिए लड़की की तलाश में हैं। चहल की पहली शादी साल 2020 में डांसर धनश्री वर्मा से हुई थी पर अब दोनो का तलाक हो गया है। दोनों की ये शादी ज्यादा दिन तक चल नहीं पाई और साल 2022 में ही दोनों अलग हो गये थे। वहीं मार्च 2025 में इनका तलाक हो गया। वहीं अब चहल ने सोशल मीडिया में तस्वीर पोस्ट कर बताया कि वह शादी के लिए लड़की की तलाश में हैं। उन्होंने अपनी कई तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, 卐शादी के लिए तैयार हूं, बस एक लड़की चाहिए।卐 उनकी इस पोस्ट से प्रशसंकों की धड़कन बढ़ गयी है। कुछ ने जश्न मनाया है जबकि कुछ उन्हें पुरानी बातें याद दिला रहे हैं इसके अलावा कुछ ने आरजे महवश को भी टैग किया है। वहीं धनश्री ने एक शो में बताया था कि उनकी शादी लव और अरेंज दोनों थी। पहले अरेंज मैरिज की तरह शुरू हुई थी। वह बिना डेटिंग के शादी करना चाहता था और मैं शादी के बारे में सोच भी नहीं रही थी। लेकिन जब उससे मिली और उसने मुझे मनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी तब मैं शादी के लिए मान गई थी।



# ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिलने पर जाहिर की खुशी




नई दिल्ली । ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने भी भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिलने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा, 'भारत को 2030 में शताब्दी राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का सम्मान मिला है, जो एक सच्चे खेल राष्ट्र बनने की हमारी यात्रा में एक सशक्त कदम है। यह ऐतिहासिक क्षण प्रत्येक भारतीय खिलाड़ी, खेल प्रशंसक और नागरिक को अपार गर्व से भर देता है।' भारत के गुजरात प्रांत का अहमदाबाद शहर 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा। हाल में ग्लासगो में कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन (सीजीएफ) की आम बैठक में राष्ट्रमंडल के 74 सदस्य देशों ने इन खेलों की मेजबानी के लिए अहमदाबाद के नाम पर आधिकारिक मुहर लगा दी। राष्ट्रमंडल खेलों की महासभा की बैठक में सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने इन खेलों के लिये अहमदाबाद में मेजबानी के लिए भारत के प्रस्ताव का अनुमोदन किया।

# राहुल की कप्तानी में अब एकदिवसीय सीरीज में दक्षिण अफ्रीका का मुकाबला करेंगी भारतीय टीम

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम अब केएल राहुल की कप्तानी में 30 नवंबर से दक्षिया अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेलेगी। भारतीय टीम का लक्ष्य इस सीरीज में जीत के साथ ही टेस्ट सीरीज में मिली 2-0 की करारी हार से उबरना रहेगा। नियमित कप्तान शुभमन गिल की गर्दन में अकड़न के कारण इस सीरीज में राहुल की कप्तानी में टीम कैसा प्रदर्शन करती है ये देखना होगा। इस सीरीज में जीत के लिए भारतीय बल्लेबाजों ओर गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। लेफ्ट-राइट मिश्रण, मध्यक्रम और गेंदबाज़ी ऑर्डर मिट्टी पर असर डाल सकते हैं। इस सीरीज में अनुभवी बल्लेबाजों रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी से भारतीय टीम को लाभ होगा हालांकि उसे दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों विशेषकर स्पिनरों



से सावधान रहना होगा।

वहीं टैम्बा बावुमा की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीकी टीम अपने जीत के सिलसिले को बरकरार रखना चाहेगी। टेस्ट सीरीज में मिली जीत से उसका मनोबल बढ़ा हुआ है जिसका लाभ उसे मिलेगा। एकदिवसीय सीरीज का कार्यक्रम इस पकार है। पहला एकदिवसीय मैच- 30 नवंबर 2025, रांची में दोपहर 1~30 बजे से खेला जाएगा। दूसरा एकदिवसीय मैच- 3 दिसंबर 2025 को रायपुर में खेला जाएगा।तीसरा एकदिवीसय मुकाबला- 6 दिसंबरको विशाखापत्तनम में होगा। तीनों ही मैच दोपहर 1 बजकर 30 मिनट से खेले जाएंगे

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** केएल राहुल (कप्तान व विकेटकीपर), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा,ऋषभ पंत (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, नितीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, रुतुराज गायकवाड़, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल।

**दक्षिण अफ्रीका:** टैम्बा बावुमा (कप्तान), ओत्तनेल बार्टमैन, कॉर्बिन बॉश, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, डेवॉल्ड ब्रेविस, नांद्र बर्गर, क्विंटन डी कॉक, टोनी डी ज़ोरज़ी, रुबिन हर्मन, केशव महाराज, मार्को जैनसन, एडेन मार्कराम, लुंगी ङ्गिडी, रयान रिकेलटन, प्रेनेलन सुब्रायेन।

# यूनिसेफ गुडविल एम्बेसडर डेविड बेकहम भारत की यात्रा पर, बच्चों से मिले



मुंबई । यूनिसेफ गुडविल एम्बेसडर सर डेविड बेकहम इस सप्ताह भारत की यात्रा के दौरान बच्चों और युवाओं से मिले और हर बच्चे के लिए समान अवसर, समावेशन और सशक्तिकरण की अपील की। बेकहम ने कहा, 'मैं आज मैं जिन बच्चों और युवाओं से मिला, उनके जोश, हिम्मत और जुनून को देखकर मैं बहुत खुश हूं। वे कम उम्र में ही बदलाव के लिए संघर्ष कर रहे हैं और अपने भविष्य पर अपनी बात रख रहे हैं। वे वास्तव में प्रेरणादायक हैं और कई चुनौतियों को पार कर यहां तक पहुंचे हैं। उनका सफर हमें यह याद दिलाता है कि हमें बच्चों और युवाओं में इन्वेस्ट करते रहना चाहिए।' मुंबई के कूपरेज फुटबॉल ग्राउंड्स में बेकहम ने 12 वर्षीय खुशी और 10 वर्षीय रोहित से मुलाकात की, जिन्हें फुटबॉल ने अपनी ओर आकर्षित किया। फुटबॉल ने उन्हें जीवन कौशल सीखने, आत्मविश्वास, आनंद और अपनापन का अनुभव दिया। खुशी ने कहा, 'मैं हमेशा बहुत शांत और अलग–थलग रहती थी। फुटबॉल खेलने से मुझे खुलने और बेहतर संवाद करने में मदद मिली। मैंने दूसरों के साथ बातचीत करना और निर्णय लेना सीखा।' बेकहम ने यूनिसेफ के सपोर्ट वाले एक प्रोजेक्ट के छोटे बच्चों से भी मुलाकात की, जिसका उद्देश्य मुंबई को रहने और खेलने के लिए बेहतर स्थान बनाना है, जहां हर नागरिक अपने समुदाय का समर्थन करने के लिए एकजुट होता है। 9 साल के तीर्थ, जो वेस्ट कम्पोस्ट चैंपियन हैं, ने कहा, 'जब मैंने देखा कि हमारे स्कूल का कचरा कम्पोस्ट में बदल रहा है और पौधों को बढ़ने में मदद कर रहा है – तो मुझे एहसास हुआ कि हम सिर्फ सफाई नहीं कर रहे हैं; हम धरती को वापस जीवन दे रहे हैं।' यूनिसेफ इंडिया प्रतिनिधि सिंथिया मैककैफी ने कहा, 'पिछले 20 सालों से यूनिसेफ के गुडविल एंबेसडर के तौर पर, सर डेविड बेकहम ने लगातार दुनिया के बच्चों और उनके सामने आने वाली सबसे बड़ी चुनौतियों की ओर ध्यान दिलाया है। वह भारत और दुनिया भर के बच्चों के लिए एक प्रेरणा हैं और उनकी सराहना उन्हें अपने सपनों को पूरा करने और अपनी पूरी क्षमता तक पहुँचने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

# पूर्व क्रिकेटर अनिरुद्ध श्रीकांत मॉडल संयुक्ता के साथ शादी के बंधन में बंधे



चेन्नई । आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व क्रिकेटर अनिरुद्ध श्रीकांत मॉडल संयुक्ता शनमुगनाथन के साथ शादी के बंधन में बंध गये है। चेन्नई में पारंपरिक हिंदू रस्मों से ये शादी हुई। इसमें दोनो के परिवार और करीबी दोस्त शामिल हुए। दोनो की शादी की तस्वीरें सामने आते ही प्रशंसकों ने इस जोड़े को बधाई दी है। संयुक्ता और अनिरुद्ध की शादी बेहद सादगी और पारंपरिक माहौल में संपन्न हुई। इनकी शादी की तस्वीरें इंटरनेट पर आते ही तेज़ी से वायरल हो गईं, प्रशंसकों ने इन्हें ने अपनी शुभकामनाएं भेजी हैं। इसके अलावा, दोनों ने एक विशेष वीडियो भी पोस्ट किया, जिसमें परिवार, उनके बेटे और करीबी दोस्तों के साथ बिताए भावुक और खुशियों भरे पल शामिल थे। संयुक्ता और अनिरुद्ध ने अपने रिश्ते की झलक पहली बार दिवाली के दौरान दी थी, जब उन्होंने एक साथ तस्वीर पोस्ट की थी। इस तस्वीर ने तुरंत ही सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू कर दी और दोनों की संभावित सगाई और शादी को लेकर उत्सुकता बढ़ गई थीं जो शादी से के साथ ही समाप्त हो गयीं।

# सैंटियागो नीवा बने भारतीय महिला मुक्केबाजी टीम के नये मुख्य कोच, 2028 ओलंपिक के लिए तैयार करेंगे टीम

नई दिल्ली । स्वीडन के सैंटियागो नीवा भारतीय महिला मुक्केबाज टीम के नये मुख्य कोच बनाये गये हैं। भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) ने नीवा को मुख्य कोच बनाने की घोषणा करते हुए कहा है कि उनके आने से मुक्केबाजी टीम और बेहतर होगी। नीवा साल 2017 से 2021 तक भारतीय टीम के हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर भी रहे हैं। इस दौरान उनका कार्यकाल काफी अच्छा रहा है। नीवा के ही मार्गदर्शन में भारतीय पुरुष मुक्केबाजों ने 2019 विश्वकचैंपियनशिप में पदक जीते थे। तब अमित पंघाल ने रजत जबकि मनीष कौशिक ने कांस्य पदक जीता था। इसके बाद भारतीय टीम ने 2020 टोक्यो ओलंपिक में सबसे बड़ी टीम उतारी। इसमें लवलीना बोरगोहेन ने कांस्य पदक जीता। लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक को देखते हुए नीवा का लक्ष्य सभी वजन वर्ग में भारतीय महिला खिलाड़ियों को बेहतर बनाना रहेगा। नीवा के पास दो दशकों से ज्यादा का कोचिंग अनुभव है, उन्होंने विश्व मुक्केबाजी में काफी अच्छी भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय महिला टीम ने हाल ही में ग्रेटर नोएडा में आयोजित विश्व कप फाइनल्स 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए सात स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते। इस मौके पर नीवा ने कहा, मैं भारत वापस आकर बहुत उत्सुक हूं। मेरे पिछले कार्यकाल के पांच साल बहुत शानदार रहे हैं। मैं इस नए अध्याय का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। उम्मीद है कि हम साथ मिलकर बड़ी सफलता हासिल करेंगे। भारतीय महिला टीम में बहुत क्षमता है। ओलंपिक में हम इतिहास रचना चाहेंगे।

# टी20 वर्ल्ड कप में भारत को हराना मेरे करियर का सबसे गर्व का पल था: बाबर आजम

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज़ बाबर आज़म ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की सबसे यादगार उपलब्धि का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि कप्तान के तौर पर भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2021 में मिली ऐतिहासिक जीत उनके पेशेवर सफर का सबसे गर्व भरा पल है। यह वही मुकाबला था जिसने पाकिस्तान के विश्व कप इतिहास में पहली बार भारत के खिलाफ जीत दर्ज की थी। इस यादगार मैच ने न केवल बाबर के नेतृत्व को नई पहचान दी, बल्कि पाकिस्तान क्रिकेट की मनोवैज्ञानिक बाधा भी तोड़ी।

### भारत के खिलाफ पहली वर्ल्ड कप जीत

बाबर आज़म ने केविन पीटरसन के YouTube शो द स्विच पर बातचीत में बताया कि 2021 टी20 वर्ल्ड कप की वह रात उनके करियर का निर्णायक पल थी। इससे पहले पाकिस्तान 12 वर्ल्ड कप मैचों में भारत को कभी नहीं हरा पाया था। दुबई में खेले गए इस मुकाबले में पाकिस्तान ने भारतीय टीम को 10 विकेट से मात देकर नया इतिहास रचा। बाबर ने कहा कि कप्तान के रूप में भारत को हराना उनके लिए किसी भी ट्रॉफी जितने सम्मान का एहसास था।

### बाबर और रिज़वान की रिकॉर्ड साझेदारी

टॉस जीतने के बाद पाकिस्तान ने पहले गेंदबाज़ी का फैसला किया और शाहीन अफरीदी की शानदार गेंदबाज़ी के दम पर भारत को 151 रन पर रोक दिया। विराट कोहली की फिफ्टी के अलावा कोई भारतीय बल्लेबाज़ बड़ा स्कोर नहीं कर पाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की ओपनिंग जोड़ी मोहम्मद रिज़वान (79*) और बाबर आज़म (68*) ने बिना विकेट खोए मैच खत्म कर दिया। यह जीत सिर्फ एक नतीजा नहीं, बल्कि पाकिस्तान क्रिकेट के लिए मनोबल बढ़ाने वाला मोमेंट था।

### बाबर की करियर-डिफाइनिंग इनिंग्स

बाबर ने अपनी कुछ खास इनिंग्स का भी ज़िक्र किया। उनके अनुसार, दक्षिण अफ्रीका दौरा उनके क्रिकेटिंग माइंडसेट के लिए टर्निंग पॉइंट था, जहाँ उन्होंने डेल स्टेन और कागिसो रबाडा की आक्रमक गेंदबाज़ी के खिलाफ महत्वपूर्ण पारियाँ खेलीं।2019 वर्ल्ड कप में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ उनकी मैच-विनिंग इनिंग को वह अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक मानते हैं।

### कप्तानी छूटने के बाद बाबर का नया लक्ष्य

2023 ODI वर्ल्ड कप और 2024 टी20 वर्ल्ड कप में खराब प्रदर्शन के बाद बाबर को कप्तानी से हटाया गया। हालांकि हाल ही में टीम में वापसी के बाद बाबर ने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य पाकिस्तान को ICC खिताब दिलाना है। उन्होंने बताया कि वे फिटनेस और स्किल्स पर पहले से ज्यादा मेहनत कर रहे हैं ताकि देश के लंबे इंतजार को खत्म किया जा सके।



### ICC ट्रॉफी जीतना है सबसे बड़ा सपना

बाबर का मानना है कि पाकिस्तान काफी करीब आ चुका है और सही तैयारी तथा फोकस के साथ टीम बड़े टूर्नामेंट जीत सकती है। उन्होंने कहा, 'मैं चाहता हूं कि पाकिस्तान ICC ट्रॉफी उठाए। इसके लिए मैं खुद को और बेहतर बनाने में जुटा हूं।'

## लीला पैलेस ने दुबई के पाम में 25 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी



**नई दिल्ली** लीला पैलेस, होटल्स एंड रिसॉर्ट्स ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली विदेशी सहायक कंपनी एरीज होल्डिंग्स के माध्यम से बोरॉन होल्डिंग्स के जरिए दुबई के पाम जुमेरा में लक्ज़री होटल सॉफिटेल द पाम एफजेडई में 25 फीसदी हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया। कंपनी ने इस हिस्सेदारी के लिए 437 करोड़ रुपये का निवेश किया है। शेष 75 फीसदी हिस्सेदारी ब्रुकफील्ड द्वारा प्रबंधित निजी फंड खरीदेगा। संपत्ति 23 एकड़ में फैली है और इसमें 546 कमरे हैं, जिनमें 361-कमरों वाला लक्ज़री होटल, 182 ब्रांडेड आवास और तीन विशेष विला शामिल हैं। यह कदम लीला पैलेस के अंतरराष्ट्रीय विस्तार रणनीति का हिस्सा है, जिसे अक्टूबर में निदेशक मंडल ने मंजूरी दी थी।

## एक्रस का 922 करोड़ का आईपीओ 3 दिसंबर से खुलेगा

**नई दिल्ली** एक्रस जो टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों और एयरोस्पेस कल-पुर्जों के अनुबंध पर विनिर्माण में विशेषज्ञता रखती है, ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए प्राइस बैंड 118-124 रुपए प्रति शेयर तय किया है। कंपनी का आईपीओ कुल 922 करोड़ रुपए का है, जिसमें 670 करोड़ रुपए नए शेयर जारी करने से और 252 करोड़ रुपए की बिक्री पेशकश शामिल है। कुल ओएफएस में 2.03 करोड़ शेयर शामिल हैं। आईपीओ 3 दिसंबर से 5 दिसंबर तक निवेशकों के लिए खुला रहेगा। बड़े (एंकर) निवेशक 2 दिसंबर को बोली लगा सकते हैं। एक्रस अपने शेयरों को 12 दिसंबर को शेयर बाजार में सूचीबद्ध कर सकती है। इस आईपीओ के जरिए कंपनी पूंजी जुटाकर अपने उत्पादन और विकास परियोजनाओं का विस्तार करने की योजना बना रही है।

## सुदीप फार्मा के आईपीओ की शानदार लिस्टिंग




**नई दिल्ली** सुदीप फार्मा लिमिटेड का शेयर शुक्रवार को बाजार में 593 रुपए के निर्गम मूल्य के मुकाबले जोरदार प्रदर्शन करते हुए सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 733.95 रुपए पर शुरू हुआ और बाद में 777 तक पहुँचकर 31 फीसदी की बढ़त दर्ज की। एनएसई पर यह 730 रुपए पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 8,567.72 करोड़ रुपए रहा। इसके आईपीओ को 93.71 गुना अभिदान मिला। सुदीप फार्मा दवाइयों, खाद्य और पोषण उत्पादों के लिए विशेष सामग्री और एक्सीपिएंट्स आधुनिक तकनीक से बनाती है।

## रेनबो चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल उत्तर भारत में करेगा बड़ा विस्तार

### रेनबों की अगले तीन साल में 900 बेड जोड़ने की योजना

**नई दिल्ली** हैदराबाद स्थित रेनबो चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल, जो बच्चों के इलाज और प्रसवकालीन देखभाल में विशेषज्ञ है, अब उत्तर भारत में अपनी पैठ मजबूत करने की तैयारी कर रहा है। समूह अगले तीन वर्षों में अपने अस्पताल नेटवर्क में लगभग 900 बेड जोड़ने की योजना बना रहा है, जिनमें से आधे यानी 450 बेड राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में होंगे। इन बेडों में एक 325-बेड वाला मुख्य अस्पताल और एक 125-बेड वाला सैटेलाइट अस्पताल शामिल होगा। रेनबो ने पहले से ही दक्षिण भारत के प्रमुख शहरों में अपनी पहचान बनाई है। अब समूह बेंगलूरु में इलेक्ट्रॉनिक सिटी में 90 बेड और हेनूर में 60 बेड, पुणे में 150 बेड और कोयंबतूर में 130 बेड जोड़ने का इरादा रखता है। पुणे की इकाई को एसेट-लाइट सैटेलाइट मॉडल के तहत विकसित किया जाएगा। समूह इस विस्तार पर कुल 800-900 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बना रहा है। योजना में ग्रीनफील्ड अस्पताल और एसेट-लाइट सैटेलाइट मॉडल का मिश्रण शामिल है। सैटेलाइट अस्पताल की लागत लगभग 70 लाख रुपये प्रति बेड होगी, जबकि एसेट-हैवी मॉडल की लागत इससे अधिक होगी।

# भारत का बीएफएसआई सेक्टर 20 साल में 60 गुना बढ़ा

### अक्टूबर 2025 में बढ़कर 105 लाख करोड़ पहुंचा मार्केट कैप

**नई दिल्ली**

भारत का बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा (बीएफएसआई) सेक्टर पिछले 20 सालों में अभूतपूर्व विकास देखने को मिला है। 2005 में इस सेक्टर की कुल मार्केट कैप लगभग 1.8 लाख करोड़ रुपए थी, जो अक्टूबर 2025 में बढ़कर 105 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई। यह लगभग 23 फीसदी सालाना वृद्धि दर दर्शाता है और इसे देश के सबसे तेजी से बढ़ते आर्थिक सेक्टरों में से एक बनाता है। हालांकि बैंक अभी भी बीएफएसआई सेक्टर का सबसे बड़ा आधार हैं, उनका मार्केट शेयर घटकर 85 से 54 फीसदी रह गया है। इसका कारण बीमा, पूंजी बाजार और फिनटेक कंपनियों का तेजी से उभरना है। डिजिटल प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन सेवाओं ने ग्राहकों को आसान और तेज़ विकल्प उपलब्ध कराए हैं, जिससे नए क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहे हैं।` वित्त वर्ष 15 में बीमा कंपनियों का हिस्सा मात्र एक फीसदी था, लेकिन अब यह 12 फीसदी तक पहुंच चुका है। पूंजी बाजार से जुड़ी कंपनियों की हिस्सेदारी भी पहले कम होने के बाद अब 6 फीसदी हो गई है। फिनटेक सेक्टर 2015 तक लगभग अनुपस्थित था, लेकिन अब यह 4 फीसदी हिस्सा ले चुका है। डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन ट्रेडिंग और वित्तीय सेवाओं की आसान पहुँच ने इसकी वृद्धि को गति दी। एनबीएफसी ने 2005 से 2025 तक अपनी मार्केट कैप में लगभग 100 गुना वृद्धि दर्ज की है।

## मीशो की आईपीओ के ज रिए 5,421 करोड़ जुटाने की योजना




**नई दिल्ली** ई-कॉमर्स कंपनी मीशो, जो सॉफ्टबैंक समर्थित है, अपने प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए 5,421 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखती है। कंपनी ने इसके लिए 105-111 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। आईपीओ के ऊपरी छोर पर मीशो का कुल मूल्यांकन लगभग 50,096 करोड़ रुपये (5.6 अरब डॉलर) होगा। बड़े निवेशक (एंकर) बोली 2 दिसंबर, आम निवेशकों के लिए बोली 3 से 5 दिसंबर को लगा सकेंगे। इसके आईपीओ की शेयर बाजार में लिस्टिंग 12 दिसंबर को होगी। इस आईपीओ में 4,250 करोड़ रुपये नए शेयर और 1,171 करोड़ रुपये ओएफएस (पुराने शेयरों की बिक्री) शामिल हैं। मीशो का यह कदम कंपनी को विस्तार के लिए नई पूंजी जुटाने और निवेशकों को तरलता प्रदान करने में मदद करेगा।

## स्टेनलेस स्टील उद्योग के लिए अलग नीति की मांग

### स्टेनलेस स्टील को राष्ट्रीय इस्पात नीति में शामिल करने का प्रस्ताव



**नई दिल्ली** जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) के एक प्रमुख अे धिकारी ने कहा है कि भारतीय स्टेनलेस स्टील उद्योग को केवल राष्ट्रीय इस्पात नीति में एक अध्याय जोड़ने की बजाय स्वतंत्र और प्रतिबद्ध नीति की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्टेनलेस स्टील का उत्पादन, कच्चा माल और अनुप्रयोग कार्बन स्टील से अलग होते हैं, इसलिए इसे अलग नीतिगत ढांचे की जरूरत है। जेएसएल भारत की सबसे बड़ी स्टेनलेस स्टील उत्पादक कंपनी है और विशेष स्टील के घरेलू बाजार में इसका लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा है। अे धिकारी का कहना है ` कि केवल एक अध्याय जोड़ने से इस उद्योग का महत्व और मूल्य कम हो जाएगा। इस्पात मंत्रालय ने लंबे समय से चली आ रही चिंताओं को दूर करने के लिए स्टेनलेस स्टील को राष्ट्रीय इस्पात नीति में शामिल करने का प्रस्ताव रखा है। मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नई नीति में स्टेनलेस स्टील पर एक अलग अध्याय होगा। उन्होंने कहा कि इस नीति में क्षेत्रवार वास्तविकताओं को ध्यान में रखा जाएगा, जैसे कम क्षमता का उपयोग, उच्च उत्पादन लागत और कच्चे माल की कमी। अधिकारी ने यह भी कहा कि स्टेनलेस स्टील के लिए मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना जरूरी है। इसमें नीति स्तर पर शिक्षा, जमीनी स्तर पर जागरूकता और प्रतिभा संपन्न श्रमशक्ति शामिल हैं। उन्होंने जोर दिया कि स्टेनलेस स्टील की वेल्डिंग सामान्य स्टील से पूरी तरह अलग होती है, इसलिए प्रशिक्षित श्रमिक और तकनीकी तैयारी आवश्यक है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुंबई**




भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भ्रर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 13.71 अंक की हल्की गिरावट के साथ ही 85,706.67 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 12.60 अंक की गिरावट के साथ ही 26,202.95 पर बंद हुआ। आज केवल वाहन और फार्मा शेयरों में तेजी रही। निफ्टी ऑटो 0.62 फीसदी, निफ्टी फार्मा 0.59 फीसदी, निफ्टी मीडिया 0.55 फीसदी और निफ्टी कंजप्शन 0.18 फीसदी ऊपर आकर बंद हुआ। निफ्टी आईटी 0.11 फीसदी, निफ्टी वित्तीय सेवा 0.20 फीसदी, निफ्टी एनर्जी 0.58 फीसदी और निफ्टी इन्फ्रा 0.29 फीसदी की गिरावट के साथ ही बंद हुआ। मि्डकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 69.90 अंक टूटकर 61,043.25 और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 100 इंडेक्स 47.55 अंक टूटकर 17,829.25 पर था।

सेंसेक्स पैक में सन फार्मा, कोटक महिंद्रा बैंक, एसबीआई, एचयूएल, अदाणी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, टीसीएस, टाटा स्टील के शेयर उछले जबकि भारती एयरटेल, इन्फोसिस, एक्सिस बैंक, बीईएल, बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, एलएंडटी, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक के शेयर गिरे।

वहीं बाजार जानकारों के अनुसार दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े और आईआईपी डेटा आने से पहले बाजार में हल्की मुनाफावसूली रही।

इससे पहले आज सुबह बाजार शुरुआती गिरावट से उबरकर हरे निशान में पहुंच गया। सेंसेक्स 85,821 अंक पर 101 अंकों की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था। वहीं एनएसई निफ्टी50 35 अंकों की बढ़त के साथ 26,251 अंक पर पहुंच गया। वहीं एशिया-पैसिफिक बाजारों में मिश्रित रुझान देखने को मिला। अमेरिका में थैंक्सगिविंग की वजह से स्टॉक फ्यूचर्स सामान्य रहे। नेस्डेक कम्पो जिट अपनी सात महीने की बढ़त को रोकने की ओर दिखा। अमेरिका में डॉव जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज फ्यूचर्स 10 अंक बढ़े, जबकि एसएंडपी 500 और नेस्डेक 100 फ्यूचर्स लगभग स्थिर रहे। नवंबर में अमेरिकी बाजार कमजोर रुझान के साथ बंद होने की संभावना है

# भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला संपन्न, 18 लाख से अधिक दर्शक पहुंचे

### राजधानी के भारत मंडपम में 14 दिनों तक चला भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ)

**नई दिल्ली**



भारतीय व्यापार प्रदर्शनी संगठन (आईटीपीओ) के प्रबंध निदेशक नीरज खारवाल ने कहा कि 14-दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों की व्यापक भागीदारी रही और कुल 18 लाख से अधिक लोग मेला देखने आए। इस दौरान 18 लाख से अधिक आगंतुक व्यापार मेला देखने आए।

वाणिज्य मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि व्यापार मेला में भागीदार राज्य श्रेणी के तहत राजस्थान ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि बिहार ने रजत पदक और उत्तर प्रदेश ने कांस्य पदक हासिल किया।

विदेशी मंडप श्रेणी में थाईलैंड ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि ईरान और दुबई को क्रमशः रजत और कांस्य पदक मिला। मंत्रालयों और सरकारी विभागों की श्रेणी में रक्षा मंत्रालय को स्वर्ण पदक मिला।

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और बैंक की श्रेणी में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। भारतीय व्यापार प्रदर्शनी संगठन (आईटीपीओ) के प्रबंध निदेशक नीरज खारवाल ने कहा कि 14-दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों की व्यापक भागीदारी रही और कुल 18 लाख से अधिक लोग मेला देखने आए।

## एग्रेसिव हाइब्रिड म्यूचुअल फंड' की परिसंपत्ति बढ़कर 2.5 लाख करोड़ पहुंची

### अक्टूबर 2024 में प रिसंप त्ति 2.21 लाख करोड़ रुपए थी

**नई दिल्ली** निवेशकों के बीच एग्रेसिव हाइब्रिड म्यूचुअल फंड की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के अनुसार, अक्टूबर 2025 तक इस श्रेणी का परिसंपत्ति आधार (एयूएम) 2.5 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो सालाना आधार पर 13 फीसदी की वृद्धि है। अक्टूबर 2024 में यह 2.21 लाख करोड़ रुपये था। निवेशक आधार भी मजबूत हुआ, और फोलियो की संख्या 56.41 लाख से बढ़कर 60.44 लाख हो गई। यह वृद्धि ऐसे समय में हुई जब निफ्टी ने एक साल के लिए गिरावट और उच्च अस्थिरता देखी। विशेषज्ञों के अनुसार, निवेशक ऐसे फंड की ओर आकर्षित हो रहे हैं जो इक्विटी और डेट दोनों में निवेश कर विकास और स्थिरता का संतुलन प्रदान करे। एग्रेसिव हाइब्रिड फंड्स ने विभिन्न समय-सीमाओं में मजबूत रिटर्न दिया है। आईसीआईसीआई प्रूडें शियल इे क्विटी एंड डेब्ट फंड ने दो-वर्षीय सीएजीआर 19.6 फीसदी और पांच-वर्षीय सीएजीआर 24.7 फीसदीप के साथ शीर्ष प्रदर्शन किया। इसके बाद मे हिंद्रा मेनुलाइफ एग्रे सिव हाये ब्रिड फंड ने क्रमशः 19.3 और 20.4 फीसदी का रिटर्न दिया। बंधन, एडलविश और इनवेस्को इंडिया के फंड्स ने भी दो अंकों का रिटर्न दर्ज किया हैं।

# रतन टाटा का सेशेल्स बीचफ्रंट विला बिकाऊ

### 85 लाख वाली प्रॉपर्टी के 55 करोड़ देने को तैयार है ग्राहक



**नई दिल्ली**

सेशेल्स के माहे द्वीप पर स्थित रतन टाटा का खूबसूरत बीचफ्रंट विला एक बार फिर सुर्खियों में है। टाटा को यह संपत्ति इसलिए मिल सकी थी क्योंकि सेशेल्स सरकार ने उन्हें विशेष अनुमति दी थी, जबकि देश में आमतौर पर विदेशी नागरिकों को प्रॉपर्टी खरीदने की अनुमति नहीं होती।

उस समय एयरसेल के संस्थापक सी. शिवशंकरन ने इस विला की खरीद में रतन टाटा की मदद की थी। अब जानकारी सामने आई है कि शिवशंकरन और उनका परिवार या सहयोगी इस विला को खरीदने में गहरी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। विला की आधिकारिक वैल्यूएशन पेशेवर विशेषज्ञों द्वारा लगभग 85 लाख रुपये आंकी गई है, लेकिन संभावित खरीदार इसे करीब 6.2 मिलियन डॉलर (लगभग 55 करोड़ रुपये) में खरीदने की इच्छा जता रहे हैं। यदि यह सौदा पूरा होता है, तो बिक्री से प्राप्त राशि रतन टाटा एंडॉवमेंट फाउंडेशन और रतन टाटा एंडॉवमेंट ट्रस्ट के पास जाएगी। उल्लेखनीय है कि रतन टाटा ने अपनी वसीयत में इस विला को अपनी निवेश फर्म आरएनटी एसो सिएट के नाम किया था, जो सिंगापुर में पंजीकृत है और भारत के कई उभरते स्टार्टअप्स में निवेश कर चुकी है। हालांकि, डील अभी फाइनल नहीं हुई है। जब शिवशंकरन से विला खरीदने की संभावित बातचीत के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता आप किस बारे में बात कर रहे हैं। यह बयान संकेत देता है कि बातचीत भले चल रही हो, पर अभी समझौता पक्का नहीं हुआ है।

# बैजू रवींद्रन अमे रिकी अदालत में पेश करेंगे ग्लास ट्रस्ट के खिलाफ साक्ष्य

### अंतरराष्ट्रीय कानूनी विवाद में बायजू की चुनौती

**नई दिल्ली**

एडटेक कंपनी बायजू के संस्थापक बैजू रवींद्रन अमेरिका की अदालतों में साक्ष्य प्रस्तुत करने जा रहे हैं। उनका दावा है कि ग्लास ट्रस्ट और समाधान पेशेवरों ने उन्हें और अन्य संस्थापकों को बार-बार गुमराह किया और यह झूठा आरोप लगाया कि उन्होंने 53.3 करोड़ डॉलर (अल्फा फंड्स) का गबन किया। यह साक्ष्य डेलावेयर दिवाला अदालत के 20 नवंबर, 2025 के आदेश के खिलाफ अपील के हिस्से के रूप में और संबंधित पक्षों के खिलाफ 2.5 अरब डॉलर से अधिक के दावे के तहत पेश किया जाएगा। रवींद्रन ने अपनी कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड (टीएलपीएल) के लिए डेलावेयर दिवाला अदालत में अलग याचिका दायर की है। उनका कहना है कि अदालत ने हर्जाने का फैसला समय से पहले जारी किया और ग्लास ट्रस्ट ने सुनवाई से पहले अपनी हर्जाने की मांग वापस ले ली थी। उनकी टीम का कहना है कि अदालत ने गलती से डिफॉल्ट फैसले में हर्जाने का पंचाट शामिल कर दिया, जबकि यह केवल दस्तावेज़ और जानकारी समय पर न देने के लिए दिया जाना चाहिए था। रवींद्रन ने मीडिया को बताया कि पिछले दो सालों से ग्लास ट्रस्ट उनकी और कंपनी की छवि खराब करने में लगा रहा है। उन्होंने कहा कि यह




धन टीएलपीएल और कंपनी के विस्तार के लिए इस्तेमाल किया गया। रवींद्रन ने स्पष्ट किया कि आने वाले समय में वह और अन्य संस्थापक भारतीय और अमेरिकी अदालतों में मुकदमा दायर करेंगे। रवींद्रन का कहना है कि साक्ष्य जल्द ही भारतीय अदालतों के साथ भी साझा किए जाएंगे।

## देश की पहली सात सीटों वाली इलेक्ट्रिक एसयूवी महिंद्रा एक्सईवी 9एस लॉन्च

### इसका बेहतरीन डिजाइन व फीचर्स, 14 जनवरी 2026 से होगी बुकिंग शुरू

**नई दिल्ली**



भारत की प्रमुख वाहन निर्माताओं में शामिल महिंद्रा की ओर से कई सेगमेंट में वाहनों की बिक्री होती है। निर्माता की ओर से देश की पहली सात सीटों वाली इलेक्ट्रिक एसयूवी महिंद्रा एक्सईवी 9एस लॉन्च कर दी है। इस एसयूवी में दमदार बैटरी और मोटर दी गई है। निर्माता की ओर से इसे बेहतरीन डिजाइन और फीचर्स के साथ लॉन्च किया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस एसयूवी में बेहतरीन फीचर्स दिए गए हैं। इसमें एडेप्टिव क्रूज कंट्रोल, ड्राइविंग के लिए कई मोड्स, बूस्ट मोड, एलईडी डीआरएल, सीक्वेंशल टर्न इंडीकेटर, लेदर रैप इंटरियर, 18 इंच अलॉय व्हील्स, पैनोरमिक सनरूफ, एलईडी हेडलाइट्स, एलईडी टेल लाइट, पावर्ड ड्राइवर सीट, फ्लश डोर हैंडल, ड्यूल जोन ऑटो एसी, की-लैस एंट्री, विंडशील्ड के लिए ऑटो डिफॉगर, ट्रिपल स्क्रीन, 16 स्पीकर, हरमन ऑडियो सिस्टम, एनएफसी कार्ड, वायरलैस एंड्राइड ऑटो, एपल कार प्ले, कनेक्टिड फीचर्स, अमेजन एलेक्सा, सात एयरबैग, लेवल-2 एडीएएस, 360 डिग्री कैमरा, फ्रंट पार्किंग सेंसर, सभी पहियों पर डिस्क ब्रेक, ड्राइवर ड्रॉजिनेस सिस्टम, टीपीएमएस जैसे फीचर्स दिए गए हैं।

महिंद्रा की ओर से इस एसयूवी में बैटरी के दो विकल्प दिए हैं। जिसमें 59 और 79 की क्षमता की बैटरी लगी है। फास्ट चार्जर से एसयूवी को 20 मिनट में 20 से 80 फीसदी चार्ज किया जा सकता है। इसकी मोटर से इसे 180 किलोवाट की पावर मिलती है। साथ ही रीजनरेटिव तकनीक को भी दिया गया है। महिंद्रा की एक्सईवी 9एस को भारतीय बाजार में 19.95 लाख रुपए की एक्स शोरूम प्राइज पर लॉन्च किया है। इसके टॉप वेरिएंट की एक्स शोरूम कीमत 29.45 लाख रुपए है। निर्माता की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक एसयूवी की 14 जनवरी 2026 से बुकिंग शुरू हो जाएगी। इसके बाद एसयूवी की डिलीवरी को 23 जनवरी 2026 से की जाएगी।

## भारतीय दो पहिया बाजार में 125सीसी सेगमेंट में बढ़ी प्रतिस्पर्धा



**नई दिल्ली**

भारतीय दोपहिया बाजार में 125सीसी स्कूटर सेगमेंट में टीवीएस, होंडा, हीरो, सुजुकी और यामाहा जैसे ब्रांडों ने कई मजबूत विकल्प लॉन्च किए हैं, जो युवाओं और शहरों में रोजाना सफर करने वालों के बीच खास लोकप्रिय हैं। इस सेगमेंट में टीवीएस एनटॉर्क 125 को सबसे प्रभावशाली परफॉर्मेंस स्कूटर माना जाता है। इसका 124.8सीसी इंजन 7.5 केडब्ल्यू पावर और 11.5 एनएम टॉर्क देता है, जो इसे 98 किमी/ घंटा की टॉप स्पीड तक पहुंचाता है। डिजिटल स्पीडोमीटर, राइडिंग मोड्स, एलईडी लाइटिंग और यूएसबी चार्जिंग जैसे फीचर्स इसे और भी आकर्षक बनाते हैं।

होंडा डियो 125 भी इस वर्ग में एक मजबूत विकल्प है। इसका 125सीसी इंजन 6.11 केडब्ल्यू पावर और 10.5 एनएम टॉर्क पैदा करता है। रिमोट की, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, नेविगेशन और टीएफटी मीटर जैसे एडवांस फीचर्स इसे मॉडर्न राइडर्स की पसंद बना रहे हैं। हीरो जूम 125 अपनी हल्की बॉडी, स्पोर्टी डिजाइन और 7.3 केडब्ल्यू पावर वाले इंजन के साथ शहरी सड़कों के लिए खास तौर पर उपयुक्त है। इसकी 95 किमी/ घंटा की टॉप स्पीड और सीक्वेंशियल एलईडी विंकर्स जैसे फीचर्स युवाओं को आकर्षित करते हैं।

सुजुकी अवेनिस 125 अपने स्पोर्टी लुक और 21.5-लीटर स्टोरेज क्षमता की वजह से प्रैक्टिकल और स्टाइलिश दोनों का मिश्रण है। इसका 6.3 केडब्ल्यू पावर देने वाला इंजन आसानी से 90 किमी/घंटा की रफ्तार पकड़ लेता है। वहीं यामाहा रेझर 125 अपने टफ डिजाइन और 6.0 केडब्ल्यू पावर वाले इंजन के साथ 90 किमी/घंटा की स्पीड देती है।

इसमें डिजिटल क्लस्टर, एलईडी हेडलाइट और ऑटोमैटिक स्टार्ट/स्टॉप सिस्टम शामिल हैं। 73,430 रुपये से शुरू होने वाली कीमत के साथ ये पांचों स्कूटर्स 125 सीसी सेगमेंट में पावर और फीचर्स के बेहतरीन विकल्प बनकर उभर रहे हैं।



# महिला-प्रधान फिल्म होगी कल्याणी प्रियदर्शन की अगली फिल्म

तमिल अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। हाल ही में रिलीज हुई उनकी फिल्म लोका ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की और उन्हें पैन-इंडिया स्टार के रूप में मजबूती भी दी। इस सफलता के बाद दर्शक और फैंस अब उनके अगले प्रोजेक्ट के बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं। इस कड़ी में उनकी नई फिल्म की आधिकारिक जानकारी सामने आई है, जो उनके करियर के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। कल्याणी प्रियदर्शन की अगली फिल्म की खास बात यह है कि यह महिला-प्रधान कहानी है। फिल्म की पूरी कहानी एक महिला पात्र के इर्द-गिर्द घूमेगी और उसकी भावनाओं, संघर्षों और सफर को मुख्य रूप से दिखाया जाएगा। अभिनेत्री ने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म का निर्देशन थिरियम एस. एन. कर रहे हैं, जो इस फिल्म के जरिए निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। वहीं, फिल्म का निर्माण पोटेंशियल स्टूडियोज कर रहा है। यह फिल्म उनका सातवां प्रोजेक्ट है और इससे पहले वे माया, मानगरम, मॉन्स्टर, तानक्करन, इरुगापत्रु और ब्लैक जैसी फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं। इन सफल फिल्मों के चलते दर्शकों का विश्वास इस बैनर पर पहले से ही बना हुआ है, और उम्मीद की जा रही है कि उनकी यह नई फिल्म भी उसी गुणवत्ता को आगे बढ़ाएगी। कल्याणी प्रियदर्शन की कामयाबी और पोटेंशियल स्टूडियोज की लगातार सफल फिल्मों की सीरीज ने इस नए प्रोजेक्ट को पहले ही एक बड़े स्तर पर पहुंचा दिया है। दर्शक यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि कल्याणी इस बार किस तरह का किरदार निभाएंगी। फिल्म में कल्याणी के साथ देवदर्शिनी और नान महान अल्ला फेम विनोद किशन भी मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म की शूटिंग चेन्नई में शुरू हो चुकी है। फिल्म के डायलॉग्स प्रवीण भास्कर, श्री कुमार और खुद निर्देशक थिरवियम ने मिलकर लिखे हैं। संगीत की कमान तमिल फिल्म जगत के उभरते हुए संगीतकार जस्टिन प्रभाकरन ने संभाली है, जिनकी धुनें हमेशा दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ती हैं।



# नेचुरोपैथी का समर्थन करने के बाद हुई ट्रोलिंग पर सोनाली बेंद्रे ने तोड़ी चुप्पी

सोनाली बेंद्रे कैंसर सर्वाइवर हैं। उन्होने 2018 में इस खतरनाक बीमारी के खिलाफ जंग लड़ी। अभिनेत्री ने हाल ही में अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि कैंसर से जंग में नेचुरोपैथ भी उनके लिए काफी मददगार साबित हुई। इसके बाद वे मेडिकल प्रोफेशनल्स के निशाने पर आ गईं। डॉक्टर साइरिएक एबी फिलिप्स ने उनकी कड़ी आलोचना की है। उन्होंने सोनाली की पोस्ट पर सवाल उठाते हुए कहा कि, आपका कैंसर कीमोथेरेपी, रेडिएशन और सर्जरी से ठीक हुआ, ना कि नेचुरोपैथी से। आलोचनाओं और सवाल के बाद सोनाली बेंद्रे ने चुप्पी तोड़ी है और सोशल मीडिया पर एक और पोस्ट शेयर किया है।

## सोनाली ने नेचुरोपैथी को लेकर क्या कहा था?


सोनाली बेंद्रे ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किए गए एक पोस्ट में लिखा था, साल 2018 में जब मुझे कैंसर का पता चला तो मेरे नेचुरोपैथ ने मुझे ऑटोफैगी नाम की एक स्टडी के बारे में बताया। इसने मेरी रिकवरी में बहुत बड़ी भूमिका निभाई, इसलिए मैंने इसे पढ़ा, सीखा, प्रयोग किया और धीरे-धीरे इसे अपने रूटीन में शामिल कर लिया। मैं तब से इसे फॉलो कर रही हूं। सोनाली के इस सवाल पर डॉक्टर्स ने सवाल उठा दिए। डॉक्टर साइरिएक एबी फिलिप्स ने एक लंबा-चौड़ा पोस्ट शेयर कर किया। बता दें कि डॉक्टर साइरिएक एबी फिलिप्स भारतीय हेपेटोलॉजिस्ट हैं, जो सोशल मीडिया पर द लिवर डॉक के नाम से जाने जाते हैं।

## विरोध के बाद सोनाली ने तोड़ी चुप्पी

विरोध के बाद सोनाली ने अब एक अन्य पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा है, हम सभी का सहमत होना जरूरी नहीं है, लेकिन हमें एक-दूसरे को सिर्फ इसलिए खारिज करने से बचना चाहिए क्योंकि हम अलग-अलग तरीकों की तरफ झुकते हैं। सोनाली लिखती हैं, मैंने कभी डॉक्टर होने का दावा नहीं किया, लेकिन मैं पक्का कोई नीम-हकीम भी नहीं हूं। मैं एक कैंसर सर्वाइवर हूं, जिसने इस बीमारी से होने वाले डर, दर्द, अनिश्चितता और फिर से बनने की प्रक्रिया को झेला है।

## सोनाली बेंद्रे का फिल्मी करियर

सोनाली बेंद्रे का कहना है, मैं हमेशा अपनी यात्रा ईमानदारी और विनम्रता के साथ शेयर करूंगी। कभी किसी नुस्खे के तौर पर नहीं, बल्कि अपने अनुभव के तौर पर। बता दें कि सोनाली मेटास्टेटिक कैंसर के खिलाफ जंग लड़ चुकी हैं। अभिनेत्री के करियर की बात करें तो उन्होंने आग (1994) से डेब्यू किया था। वे सरफरोश (1999), हम साथ-साथ हैं (1999), हमारा दिल आपके पास है (2000), लज्जा (2001) और कल हो ना हो (2003) जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं।



# शाहरुख की फिल्म 'किंग' में अक्षय ओबेरॉय की हुई एंट्री

शाहरुख खान की आगामी फिल्म किंग की एक-एक अपडेट का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है। अब फिल्म को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। जानकारी आ रही है कि इस फिल्म में एक और कलाकार का नाम जुड़ गया है। जानिए उस अभिनेता के बारे में। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता अक्षय ओबेरॉय ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि कर दी है कि वह शाहरुख खान की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म 'किंग' का हिस्सा हैं। आपको बताते चलें कि कई दिनों से चर्चा चल रही थी, अभिनेता इस फिल्म में नजर आने वाले हैं। हालांकि अब इसपर मुहर लगती दिख रही है। फिल्म किंग को सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म में दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी, अनिल कपूर और अभिषेक बच्चन जैसे बड़े नाम भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# मल्टीस्टारर धुरंधर में अहम किरदार में नजर आएंगी गीतिका गंजू


आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी मोस्ट अवेटेड मल्टीस्टारर फिल्म 'धुरंधर सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। एक्शन से भरपूर फिल्म में एक्ट्रेस गीतिका गंजू अहम किरदार में नजर आएंगी। गीतिका का मानना है कि धुरंधर एक ऐसी फिल्म है, जिसे दर्शक काफी पसंद करेंगे। गीतिका गंजू का मानना है कि बहुत कम ऐसी फिल्में आती हैं जो कहानी कहने का तरीका बदल देती हैं और दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ने में सफल होती हैं। धुरंधर भी ऐसी ही फिल्म है। एक्ट्रेस गीतिका ने को-एक्टर रणवीर सिंह, संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर. माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन जैसे स्टार्स के साथ काम करने को शानदार बताया। एक्ट्रेस ने कहा, धुरंधर एक जबरदस्त फिल्म बनने के साथ सिनेमाघरों में छाने को तैयार है। भारत में इस जॉनर को शायद पहले कभी इतनी सच्चाई और स्टाइल के साथ नहीं दिखाया गया। मैं इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर बहुत खुश और उत्साहित हूं। फिल्म की तारीफ करते हुए गीतिका ने स्पष्ट कहा, मेरा मानना है कि कुछ ऐसी फिल्म आती है, जो कहानी कहने का तरीका बदल देती है, धुरंधर वैसी ही फिल्म है। गीतिका ने बताया, आदित्य धर और लोकेश धर ने फिल्म के लिए खूब मेहनत की है, जिसका नतीजा स्क्रीन पर दिखेगा। आदित्य धर ने कहानी को बेहद बोल्ड और रियल तरीके से पेश किया है। गीतिका ने आगे कहा कि फिल्म का हर एक एक्टर खास है। राकेश बेदी, रणवीर सिंह और सारा अर्जुन के साथ काम करना उनके लिए यादगार रहा। रणवीर सिंह को एक्शन में देखने का अनुभव शानदार रहा। गीतिका गंजू ने अपनी एक्टिंग से खास पहचान बनाई है। आमिर खान प्रोडक्शंस की 'लाल सिंह चड्ढा', 'म्यूजिक मेरी जान', 'आर्या सीजन 2' और 'तनाव सीजन 2' जैसे सफल प्रोजेक्ट में उन्होंने अपनी छाप छोड़ी है।




# रणवीर सिंह से लेकर संजय दत्त तक

## खलनायक के रूप में नजर आए ये बड़े स्टार्स

**बॉलीवुड के कई मशहूर अभिनेताओं ने फिल्मों में विलेन का किरदार निभाया है। अपकमिंग फिल्म धुरंधर में अर्जुन रामपाल खलनायक के किरदार में नजर आने वाले हैं। इससे पहले भी कई अभिनेताओं ने फिल्मों में पारंपरिक खलनायक से अलग लुक रखा और अभिनय किया। दर्शकों ने इन्हें खूब पसंद किया। कई विलेन ऐसे रहे जो नायकों पर भारी पड़े और उनकी वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी चली।**



फिल्म सिंघम अगेन (2024) में **अर्जुन कपूर** ने डेंजर लंका का नेगेटिव किरदार निभाया है। उनका किरदार एक चालाक और तेज दिमाग वाला है। फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और कई कलाकारों ने अभिनय किया लेकिन अर्जुन कपूर के किरदार को दर्शकों ने काफी पसंद किया। फिल्म शैतान (2024) में



**आर माधवन** ने वनराज कश्यप का नेगेटिव किरदार निभाया। यह फिल्म गुजराती फिल्म वश पर आधारित थी। इसमें दिखाया गया है कि एक अजनबी एक लड़की को वश में करने के लिए काले जादू का इस्तेमाल करता है। इसमें आर माधवन के किरदार ने दर्शकों का ध्यान खींचा था। साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म एनिमल को दर्शकों ने काफी पसंद किया। इसमें **रणबीर कपूर** के किरदार के अलावा बॉबी देओल के नेगेटिव किरदार अबरार अहमद को पसंद किया गया। फिल्म में उनके कम संवाद, चमकीली आंखें और शांत गुस्से ने दर्शकों को हैरान कर दिया था। विलेन के रूप में बॉबी देओल को दर्शकों ने पसंद किया। फिल्म पद्मावत (2018) में **रणवीर सिंह** ने विलेन अलाउद्दीन खिलजी का किरदार निभाया। इस फिल्म में नायक से ज्यादा खलनायक को दमदार दिखाया गया। अलाउद्दीन खिलजी का किरदार बेरहम, जुनूनी और डरावना था। साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म अग्निपथ में **संजय दत्त** ने विलेन का किरदार निभाया। कानों में कुंडल और बिना बालों के संजय दत्त के लुक को काफी पसंद किया गया। फिल्म में वह ड्रग डीलर बने हैं। ऋतिक रोशन के अपोजिट संजय दत्त ने एक डरावना लेकिन आकर्षक अभिनय किया।





# भगवान शिव का किरदार निभाने को लेकर बोले मोहित मलिक

**मोहित मलिक ने डोली अरमानों की और कुल्फी कुमार बाजेवाला जैसे टीवी शोज से घर-घर में अपनी पहचान बनाई। वह दो दशक से भी ज्यादा समय से एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं। दर्जनों टीवी शोज और वेब सीरीज कर चुके मोहित मलिक किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। इस वक्त वह माइथोलॉजिकल शो महागाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय में काम कर रहे हैं, जिसमें वह भगवान शिव का किरदार निभा रहे हैं। मोहित मलिक ने अपने इस किरदार के अलावा 8 घंटे की शिफ्ट पर छिड़ी बहस पर बात की।**

मोहित मलिक पहली बार माइथोलॉजिकल शो में काम कर रहे हैं। वह गाथा शिव परिवार की-गणेश कार्तिकेय में भगवान शिव के रूप में नजर आ रहे हैं। इस शो में काम करने की वजह पर वह कहते हैं, इस शो मेकर्स का नजरिया अलग था। उन्होंने मुझे कंवींस किया कि वह इसका प्रेजेंटेशन वैसे ही करेंगे जैसा उन्होंने मुझे बताया है। फिर इसमें शिव का रूप भी एकदम अलग है। वह उस तरह का टिपिकल नहीं है जैसा लोग अब तक देखते आए हैं। शिव और उनके परिवार को इंसानी रूप में दिखाया गया है। बकौल मोहित, शिव के आशुतोष रूप का प्रभाव मेरे ऊपर सबसे ज्यादा पड़ा है क्योंकि वह बहुत भोला है, दयालु हैं और सबको जल्दी से माफ कर देते हैं। मैं उनसे सबसे ज्यादा कनेक्ट करता हूं।

## AI का एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री पर कैसा रहेगा प्रभाव?

मोहित ने इस दौरान मनोरंजन जगत में AI पर भी बात की। जब हमने पूछा कि AI एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को किस तरह प्रभावित करेगा? तो मोहित ने कहा, मुझे नहीं लगता है कि कभी पूरी तरह AI से फिल्में और शोज़ बनेंगे। हालांकि यह बहुत अच्छी तकनीक है लेकिन उसे एक सीमित मात्रा में ही इस्तेमाल करना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि मैं कभी AI बेस्ड महाभारत देखूंगा क्योंकि मुझे असली परफॉर्मेंस, असली लोग, असली इमोशंस चाहिए। ऑडियंस भी एक्टर से कनेक्ट होती है। इसलिए मुझे नहीं लगता कि कभी पूरे AI बेस्ड शो बनेंगे।

## पैसे को लेकर आपका पहला सबक क्या है?

मेरी जिंदगी में पैसा कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। मैं हमेशा से अच्छा काम करना चाहता था। बस इतना था कि मैं अपना घर खरीद लूं और गाड़ी ले लूं। लेकिन अब लगता है कि थोड़ा सा बैलेंस होना चाहिए क्योंकि अब मेरे पास परिवार है। जैसे पहले मैं रोल को तवज्जो देता था और सोचता था कि उसके लिए पैसों से समझौता कर लूंगा। लेकिन अब मैं पैसों को लेकर समझौता नहीं करता। अब मैं जो डिजर्व करता हूं, वह मांगता हूं और वह मिल भी रहा है।

## 8 घंटे नहीं 12 घंटे की वर्किंग शिफ्ट ठीक

मोहित मलिक ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम के घंटों को लेकर कहा, हमारे यहां आमतौर पर 12 घंटे की शिफ्ट होती है और मुझे उससे कोई समस्या नहीं है। जो लोग यह कहते हैं कि बस आठ घंटे की वर्क शिफ्ट होनी चाहिए, तो यार आप प्रोड्यूसर और डायरेक्टर के बारे में भी तो सोचो। एक एक्टर सेट पर आता है, फिर एक घंटा वह मेकअप करवाता है। तो आठ घंटे में कितना ही काम होगा। मुझे 12 घंटे ठीक लगते हैं। मैं उससे ज्यादा शूटिंग नहीं करता। हां, ये जरूर है कि शूटिंग के घंटे 14 नहीं होने चाहिए। 14 घंटे आप बतौर एक्टर काम कर भी नहीं सकते। 12 घंटे से ज्यादा काम करना आसान नहीं होता। मगर आठ घंटे से प्रोड्यूसर का बहुत नुकसान होगा।

## आपकी पहली कमाई क्या थी?

मेरी पहली कमाई दिल्ली में थी और उससे मैंने कुछ खरीदा नहीं था। मैंने अपनी दादीजी को जाकर चेक दे दिया था। उसके बाद तो मैंने शुरू में कपड़े खरीदना और जो लड़कों के शौक होते हैं, वह पूरे किए थे।

## आपका सेविंग मंत्र क्या है?

सेविंग मंत्र है कि लगभग 30-40 फीसदी कमाई में से बचाना होता है। ज़ाहिर है कि सेविंग करना बहुत जरूरी है क्योंकि हम जिस ऐक्टिंग की इंडस्ट्री में हैं, वह बहुत ही अनिश्चित है। हालांकि हम देखते हैं कि हमारा मासिक खर्च कितना है और हम कितना बचा सकते हैं।
आपने अब तक सबसे महंगा खर्च क्या किया है?
सबसे महंगा तो मैंने अपना घर ही लिया है मुंबई में।

## आपका रिटायरमेंट प्लान क्या है?

मैंने उसे लेकर कोई प्लान नहीं बनाया है। इसलिए चाहता हूं कि जब तक जिंदा रहूं, एक्टिंग करता रहूं।
आप युवाओं को क्या सलाह देना चाहेंगे?
पैसे की सेविंग बहुत जरूरी है। और उसी के साथ जिंदगी एंजॉय करनी भी जरूरी है। सिर्फ सेविंग के चक्कर में आज की जिंदगी मत गंवाओ। तो जितना कमा रहे हो, उसमें से थोड़ा एंजॉय करने के लिए खर्च करो। मगर पूरा मत खर्च करो। थोड़ा सेविंग भी करो।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in